INS ACCREDITED
यूनिकॉम
unicomadvertising.com

प्रेरणास्रोत पूज्यनीय राजनलाल गौतम जी

सांध्य दैनिक
यूनिक समय

RNI-UPHIN/2023/85053

डीएवीपी द्वारा मान्यता प्राप्त : DAVP-: 134220
डाक पंजीकृत संख्या मथुरा 071/2026—28

Sweety BY MR GROUP Presents
Unique Samay Update
uniquesamay.com

वर्ष-4 | अंक-32 | मथुरा, रविवार, 29 मार्च 2026 | पेज-12 | 5 रुपया | www.facebook.com/uniquesamay | X.com/Theuniquesamay | www.linkedin.com/in/uniquesamay

जिला अस्पताल में 50 बेड का क्रिटिकल ब्लॉक बनेगा लाइफलाइन

यूनिक समय, मथुरा। जनपद मथुरा के लोगों के लिए राहत भरी खबर है कि जिला अस्पताल में निर्माणाधीन 50 बेडेड क्रिटिकल केयर ब्लॉक जल्द ही स्वास्थ्य सेवाओं को नई मजबूती देने वाला है। इस अत्याधुनिक ब्लॉक के तैयार होने के बाद गंभीर मरीजों को बेहतर इलाज के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा और उन्हें जिले में ही उन्नत चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हो

सकेंगी। लंबे समय से मथुरा में आईसीयू, वेंटिलेटर और अन्य क्रिटिकल केयर सुविधाओं की कमी बनी हुई थी। इसके चलते गंभीर मरीजों को आगरा, नोएडा या अन्य बड़े शहरों के अस्पतालों में रेफर करना पड़ता था। इस प्रक्रिया में न केवल समय की बर्बादी होती थी, बल्कि मरीजों और उनके परिजनों पर आर्थिक बोझ भी बढ़ जाता था। अब निर्माणाधीन इस 50 बेडेड

स्वास्थ्य सेवाओं में होगा बड़ा बदलाव, गंभीर मरीजों को मिलेगी राहत

क्रिटिकल केयर ब्लॉक के शुरू होने से यह समस्या काफी हद तक खत्म होने की उम्मीद है। ब्लॉक में आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित आईसीयू, इमरजेंसी केयर यूनिट और प्रशिक्षित चिकित्सा स्टाफ की व्यवस्था की जाएगी, जिससे गंभीर मरीजों को त्वरित और प्रभावी उपचार मिल सकेगा। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के अनुसार यह परियोजना जिले की चिकित्सा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इससे न केवल मरीजों को राहत मिलेगी, बल्कि जिला अस्पताल की कार्यक्षमता और भरोसा भी बढ़ेगा।

कोसी पुलिस का थाने में नंगा नाच

रसूखदारों के दबाव में मारपीट के शिकार परिवार को ही पीटा

यूनिक समय, मथुरा। कोसीकलां थाने में पुलिस द्वारा राजनैतिक रसूखदार लोगों द्वारा एक परिवार के साथ की गई मारपीट मामले में पीड़ित परिवार का मुकदमा दर्ज करना तो दूर की बात रही। उलटा पीड़ित परिवार के साथ थाने में मारपीट की गई। इस मामले में पीड़ित महिला ने थाने में तैनात एक दरोगा सहित तीन लोगों पर मारपीट करने और घायल बेटे का काफी मिन्नतों के बाद मेडिकल कराए जाने का आरोप लगाया है। कोसीकलां के मौहल्ला तांगड़ा में रहने वाली महिला हरप्यारी पत्नी हरी सिंह ने एसएसपी को दिए शिकायती पत्र में कहा है कि 7 मार्च को सायं करीब पांच बजे बठैन गेट पर उनके नये मकान पर दबंग सोहन सिंह, लोकेश उर्फ लोकी, नीतेश उर्फ नीतू, प्रदीप कुछ अन्य लोगों के साथ लाठी डंडो, सरिया आदि से लैस होकर

नाबालिग को भी थाने से रात में छोड़ा

घायलों पर ही पुलिस ने की कार्रवाई

फोन छीन मारपीट का वीडियो किया डिलीट

आए। इन लोगों ने आते ही घर में घुसकर मारपीट की। शोक सुनकर लोग वहां आए तो हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से चले गए। मारपीट में बेटा बहू आदि घायल हो गए। बेटी ने कमरे में बंद होकर 112 को फोन किया। 112 ने आकर कोई कार्रवाई नहीं की। इसके बाद हरप्यारी की बड़ी बेटी थाने गई। थाने से दो सिपाही आए और गंभीर रूप से घायल बेटे बहू और पोती व छोटे बेटे को थाने ले गए। थाने ले जाकर रसूखदार हमलावरों के दबाव में आकर पोती व बहू को बंद कर दिया। इस तरह पुलिसकर्मियों ने पीड़ितों की मदद करने के बजाए उलटे उनके साथ ही मारपीट की। यही नहीं घायल का मेडिकल तक नहीं कराया। सभी को धमकी देते भाग जाने को कहा। इसके बाद काफी प्रयास के बाद घायल बेटे को कोसीकलां के सरकारी हॉस्पिटल ले जाया गया। जहां उसकी चितांजनक हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रैफर कर दिया। पीड़िता का आरोप है कि समाज के लोगों द्वारा किए गए प्रयास के बाद नाबालिग पोती को रात को करीब नौ बजे थाने से छोड़ा गया। इसके साथ ही थाने में अपने हिसाब से लिखापड़ी कराने के बाद छोटे बेटे को भी रात को दस बजे छोड़ा गया। बताया गया कि पोती ने थाने में की जाने वाली मारपीट का वीडियो बनाया तो उसके पुलिसकर्मियों ने मोबाइल छीनकर वीडियो डिलीट कर दी। थाने में मनजीत नामके मुंशी, विनीत कुमार व रणवीर सिंह छोटे बेटे के साथ मारपीट कर रहे थे।

डिलीट वीडियो पुलिस कर्मियों द्वारा की जाने वाली मारपीट का था। उप निरीक्षक संदीप कुमार ने पोती को भद्दी—भद्दी गालियां थी। बाद में 12 मार्च को घायल छोटे बेटे का पुलिस ने मेडिकल कराया। जिला अस्पताल घायल बेटे को देखने के लिए जाने पर हमलावरों ने गाड़ी से अस्पताल तक पीछा किया और धमकी भी दी थीं। इस मामले में पीड़िता ने इस मामले की निष्पक्ष जांच करा कर दोषी पुलिस कर्मियों और हमलावरों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की

जिला अस्पताल में क्रिटिकल केयर ब्लॉक का निरीक्षण

मंत्री वाईपी सिंह ने परखी निर्माण की हकीकत

राज्यमंत्री वाईपी सिंह जिला अस्पताल स्थित निर्माणाधीन 50 बेडेड क्रिटिकल केयर ब्लॉक भवन का निरीक्षण करते हुए।

यूनिक समय, मथुरा। यूपीसिडको (यू.पी. स्टेट कंस्ट्रक्शन एंड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन) के अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश सरकार के दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री वाई.पी. सिंह ने सोमवार को जिला अस्पताल स्थित निर्माणाधीन 50 बेडेड क्रिटिकल केयर ब्लॉक भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति, गुणवत्ता और सुविधाओं का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के समय संबंधित विभागों के अधिकारी एवं निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि मौके पर मौजूद रहे। उन्होंने अधिकारियों से निर्माण कार्य की समयसीमा, उपयोग में लाई जा रही सामग्री और उपलब्ध कराई जा रही चिकित्सा सुविधाओं की जानकारी ली। मौके पर निरीक्षण करते हुए वाई.पी. सिंह ने निर्देश दिए कि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और गुणवत्ता मानकों का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि यह क्रिटिकल केयर ब्लॉक जनपद के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण परियोजना है, जिससे गंभीर मरीजों को बेहतर इलाज की सुविधा स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हो सकेगी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने भवन के विभिन्न हिस्सों का अवलोकन किया और कार्य में तेजी लाने के निर्देश भी दिए, ताकि परियोजना को तय समयसीमा में पूर्ण किया जा सके। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, इंजीनियर और अन्य संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे। इस परियोजना को लेकर लोगों में काफी उम्मीदें हैं और इसके शीघ्र पूर्ण होने की अपेक्षा जताई जा रही है।

दस्तक | युवा इंजीनियरों की टीम बना रही भारत का टेक्नोलॉजी भविष्य

नोएडा बना 'रोबो वर्ल्ड', हर साल बनेंगे एक लाख रोबोट

यूनिक समय, नई दिल्ली। नोएडा के सेक्टर 156 में स्थित एक अत्याधुनिक रोबोट निर्माण हब तेजी से भारत को वैश्विक रोबोटिक्स मानचित्र पर स्थापित कर रहा है। यहां स्थित एडवर्ब कंपनी की 'बॉट वैली' और 'बॉट वर्स' फैक्ट्रियां देश की सबसे बड़ी रोबोट निर्माण इकाइयों में शामिल हैं, जहां हर साल एक लाख रोबोट बनाने की क्षमता विकसित की जा रही है। करीब 740 इंजीनियरों की युवा टीम, जिनकी औसत उम्र मात्र 27 वर्ष है, इस तकनीकी क्रांति को आकार दे रही है। फैक्ट्री में छोटे—बड़े विभिन्न प्रकार के रोबोट काम करते नजर आते हैं, जो सेंसर तकनीक की मदद से बिना टकराए अपने कार्य को अंजाम देते हैं। यहां का वातावरण इतना शांत है कि यह किसी इलेक्ट्रिक वाहन से भी अधिक साइलेंट लगता है। 'बॉट वैली' 2.5 एकड़ में फैला रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेंटर है, जबकि 'बॉट

वर्स' 15 एकड़ में स्थापित मैन्युफैक्चरिंग यूनिट है। फिलहाल यहां 3 से 6 हजार रोबोट सालाना बनाए जा रहे हैं, लेकिन पूरी क्षमता पर पहुंचने के बाद यह दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी रोबोट फैक्ट्री बन सकती है। कंपनी के अधिकारियों के अनुसार यहां बनने वाले अधिकांश रोबोट्स के सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर पूरी तरह स्वदेशी हैं। फैक्ट्री में हाई—लेवल ऑटोमेशन है और बिजली कटौती की स्थिति में पूरा सिस्टम सोलर एनर्जी पर शिफ्ट हो जाता है। यहां 'एलिक्सिस डब्ल्यू' जैसे व्हील्ड ह्यूमनॉइड, डॉग रोबोट ट्रैकर और एडवांस्ड ह्यूमनॉइड रोबोट विकसित किए जा रहे हैं। इनका उपयोग वेयरहाउस, सुरक्षा, निर्माण, रक्षा और यहां तक कि अंतरिक्ष मिशनों में भी किया जा सकेगा। विशेष बात यह है कि कंपनी अपने वार्षिक राजस्व का 25% हिस्सा रिसर्च पर खर्च कर रही है। वर्तमान में कंपनी के 60% ग्राहक

स्वदेशी रोबोट से वैश्विक बाजार में भारत की दस्तक

साइलेंट फैक्ट्री में रोबोट कर रहे हर काम

अंतरिक्ष तक पहुंचेंगे भारतीय ह्यूमनॉइड रोबोट

विदेशी बाजार में छाए भारतीय रोबोट, बढ़ी मांग

विदेशों में हैं और अमेरिका, यूरोप, ऑस्ट्रेलिया व मिडिल ईस्ट से बड़े ऑर्डर मिल रहे हैं। भारत में जहां प्रति 10 हजार लोगों पर केवल 9 रोबोट हैं, वहीं इस पहल से देश में तकनीकी विकास को नई गति मिलने की उम्मीद है। नोएडा का यह 'रोबो वर्ल्ड' आने वाले समय में भारत को रोबोटिक्स का वैश्विक केंद्र बना सकता है।

पोषाक के गोदाम में लगी आग

आग से 15 लाख का सामान जलकर हुआ राख

यूनिक समय, मथुरा। कोतवाली क्षेत्र स्थित कठौती कुआं इलाके के एक गोदाम में लगी आग से भगवान की पोषाक सहित अन्य सामान जल गया। आग से 15 लाख रुपये के सामान के जलने की बात कही जा रही है। गोदाम संचालक सोनू पाल ने बताया कि रात में उन्होंने गोदाम से धुआं उठते देखा। उन्होंने तत्काल फायर ब्रिगेड और पुलिस को सूचना दी। दमकल विभाग की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि, तब तक गोदाम में रखा अधिकांश सामान जल चुका था। गोदाम में लगी आग से लगभग 15 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। गोदाम में लड्डू गोपाल की पोशाकें, कपड़े और अन्य संबंधित सामग्री बड़ी मात्रा में रखी थी, जो पूरी तरह नष्ट हो गई। यह व्यवसाय उनके परिवार की आजीविका का एकमात्र साधन था। आग लगने से उनकी रोजी—रोटी पर संकट आ गया है, जिससे परिवार के पालन—पोषण में कठिनाई होगी। पुलिस ने आग लगने की घटना के बारे में जांच शुरू की है जिससे पता लग सके कि आग लगने की वजह क्या रही।

2.52 करोड़ से बदलेगा सड़कों का चेहरा

ग्रामीण सड़कों के सुधार को मिली मंजूरी

यूनिक समय, मथुरा। जनपद मथुरा में सड़क एवं यातायात व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में बड़ी पहल की गई है। नेशनल हाईवे–2 स्थित जैंत से भक्ति वेदान्त गुरुकुल आझई मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के साथ–साथ आटस कीकी से गोंदा आटस मार्ग के सुधार कार्य को भी मंजूरी दी गई है। इन दोनों परियोजनाओं के लिए कुल 2 करोड़ 52 लाख रुपये से अधिक की धनराशि अवमुक्त की गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जैंत से भक्ति वेदान्त गुरुकुल आझई मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य के लिए 2 करोड़ 7 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। वहीं आटस कीकी से गोंदा आटस मार्ग के निर्माण एवं सुधार के लिए 45 लाख रुपये अवमुक्त किए गए हैं। ये दोनों मार्ग धार्मिक, शैक्षिक और ग्रामीण कनेक्टिविटी के दृष्टिकोण से बेहद

मथुरा में दो प्रमुख मार्गों का चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण

महत्वपूर्ण हैं। जैंत–आझई मार्ग से जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं विद्यार्थी आवागमन करते हैं, वहीं आटस–गोंदा मार्ग ग्रामीण क्षेत्रों को मुख्य सड़कों से जोड़ने में अहम भूमिका निभाता है। वर्तमान में दोनों मार्गों की स्थिति जर्जर और संकरी होने के कारण लोगों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। प्रस्तावित कार्यों के तहत सड़कों को चौड़ा करने के साथ उनकी गुणवत्ता को भी बेहतर बनाया जाएगा। साथ ही जल निकासी, सड़क सुरक्षा और संकेतक व्यवस्था को भी सुदृढ़ किया जाएगा। स्थानीय लोगों ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए इसे क्षेत्र के विकास के लिए महत्वपूर्ण कदम बताया है। अधिकारियों के अनुसार कार्य को तय मानकों के अनुरूप शीघ्र शुरू कर समयबद्ध तरीके से पूरा कराया जाएगा, जिससे क्षेत्र में आवागमन सुगम और सुरक्षित हो सकेगा।

तापमान / मौसम

34 डिग्री सेल्सियस अधिकतम

21 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम

सोना–चांदी भाव

सोना

24 कैरेट 1,47,060
22 कैरेट 1,35,295
(रेट प्रति 10 ग्राम में, जीएसटी समेत)

चांदी

2,27,990 प्रति किलो

पढ़िए वो जो पढ़ना चाहिए
यूनिक समय
www.uniquesamay.com

गर्मी की आहट से गुलजार हुए बाजार

एसी–कूलरों की मांग में आया उछाल

कृष्णा नगर बाजार में दुकान पर रखे कूलर।

यूनिक समय, मथुरा। गर्मी की शुरुआत होते ही शहर से लेकर कस्बों व देहातों में ठंडक के इंतजामों को लेकर हलचल तेज हो गई है। मथुरा के बाजारों में इन दिनों कूलर की दुकानों पर रौनक लौट आई है। एक ओर जहां लोग अपने पुराने एसी व कूलरों की मरम्मत कराने के लिए दुकानों पर पहुंच रहे हैं, वहीं दूसरी ओर बाजारों में नए–नए डिजाइन और आधुनिक फीचर्स वाले कूलर सजने लगे हैं। गर्मी के बढ़ते असर को देखते हुए लोग अभी से अपने पुराने कूलरों और एसियों को दुरुस्त कराने में जुट गए हैं। शहर के विभिन्न इलाकों में कूलर, एसी मैकेनिकों की दुकानों पर सुबह से ही भीड़ देखी जा रही है। पंखे, मोटर, पंप और घास बदलवाने का काम शुरू हो गया है, ताकि तेज गर्मी के दिनों में किसी

गर्मी को देखते हुए एसी रिपेयरिंग के लिए ले जाता हुआ रिक्शा।

मरम्मत कार्य ने पकड़ी रफ्तार, नए डिजाइनों से सजे बाजार

एसी, कूलरों की रिपेयरिंग के लिए शुरू हुई दुकानों पर आमद

प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। बाजार में इस बार कई आकर्षक और आधुनिक कूलर ग्राहकों को पसंद आ रहे हैं। कंपनियों ने कम बिजली खपत, ज्यादा कूलिंग क्षमता और स्टाइलिश लुक वाले कूलर उतारे हैं। खासतौर पर प्लास्टिक बॉडी और डेजर्ट कूलर की मांग अधिक देखी जा रही है। ग्राहकों को लुभाने के लिए कुछ दुकानदार आसान किस्तों में कूलर दे रहे हैं। जिससे हर वर्ग के लोग अपनी जरूरत के अनुसार खरीदारी कर सकें। बाजारों में कूलरों की सजावट भी ग्राहकों को लुभाना शुरू कर रही है। व्यापारियों का कहना है कि जैसे–जैसे तापमान बढ़ेगा, कूलरों की बिक्री में और तेजी आएगी। गर्मी की दस्तक के साथ मथुरा के बाजारों में कूलर देखने को मिल रहे है। नए डिजाइनों की चमक और मरम्मत कार्य की व्यस्तता ने बाजार में चहल–पहल बढ़ा दी है।

महिलाओं को मिला स्वरोजगार का संबल

केनरा बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रमाण–पत्रों के साथ प्रशिक्षणार्थी।

यूनिक समय, मथुरा। केनरा बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में 35 दिवसीय निशुल्क ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अंत में संस्थान के निदेशक भूपेंद्र सिंह ने सभी प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 25 महिलाओं ने भाग लिया, जिन्हें स्वरोजगार के लिए आवश्यक व्यावहारिक और तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें अपने पैरों पर खड़ा होने के लिए प्रोत्साहित करना रहा। निदेशक भूपेंद्र सिंह ने बताया कि संस्थान वर्ष 2011 से लगातार बेरोजगार युवक–युवतियों को विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण प्रदान कर

35 दिवसीय ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण का समापन

रहा है। यहां करीब 70 प्रकार के नि:शुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए जाते हैं, जिनसे बड़ी संख्या में लोग लाभान्वित होकर अपना व्यवसाय शुरू कर चुके हैं। उन्होंने यह भी बताया कि प्रशिक्षण के बाद इच्छुक अभ्यर्थियों को स्वरोजगार स्थापित करने के लिए बैंक से ऋण दिलाने में भी संस्थान सहयोग करता है, जिससे उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनने में मदद मिलती है। समापन अवसर पर दीपक पचौरी, हर्षित, चंद्र प्रकाश, दीन दयाल और राधा बल्लभ सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का माहौल उत्साह और प्रेरणा से भरा रहा।

आर्ट ऑफ लिविंग परिवार की पहल: 2 अप्रैल को ऐतिहासिक आयोजन

सोमनाथ ज्योतिर्लिंग अवशेषों का आगमन

यूनिक समय, मथुरा। धार्मिक नगरी 2 अप्रैल को एक ऐतिहासिक और आध्यात्मिक क्षण की साक्षी बनने जा रही है। आर्ट ऑफ लिविंग परिवार द्वारा आयोजित कार्यक्रम के तहत 1000 वर्ष प्राचीन सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के पावन अवशेषों का आगमन होगा। इस संबंध में आयोजित प्रेस वार्ता में आयोजन की विस्तृत जानकारी दी गई। परमपूज्य गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर के मार्गदर्शन में बेंगलुरु स्थित आर्ट ऑफ लिविंग आश्रम से स्वामी भव्यतेज इन अवशेषों को लेकर देशभर की यात्रा पर हैं। यह यात्रा विभिन्न राज्यों से होकर उत्तर प्रदेश के झांसी और कानपुर के रास्ते मथुरा पहुंचेगी। इसके बाद यह यात्रा आगरा, मेरठ, गजरौला, मुरादाबाद, प्रयागराज और काशी की ओर प्रस्थान करेगी। साध्वी राधारानी ने

प्रेसवार्ता में कार्यक्रम की जानकारी देते पदाधिकारी।

बताया कि यह अवसर केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, आस्था और राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि लंबे समय तक ये पवित्र अवशेष तमिलनाडु में सुरक्षित रखे गए और अब देशभर में श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए लाए जा रहे हैं। साध्वी कनकेश्वरी ने ऐतिहासिक संदर्भ देते हुए बताया कि वर्ष 1026 में आक्रमणकारी महमूद गजनवी द्वारा सोमनाथ मंदिर को क्षति पहुंचाई गई थी, लेकिन श्रद्धा की भावना कभी समाप्त नहीं हुई। इन अवशेषों को पीढ़ियों तक सुरक्षित रखा गया और पूजा–अर्चना जारी रही। वर्ष 1925 में कांची के शंकराचार्य ने इन्हें उचित समय पर योग्य संत को सौंपने की भविष्यवाणी की थी। जनवरी 2025 में परंपरा के अंतिम संरक्षक द्वारा ये धरोहर गुरुदेव को समर्पित की गई। आर्ट ऑफ

शोभायात्रा के साथ गर्तेश्वर महादेव मंदिर में होगा विशेष पूजन

लिविंग के शिक्षक आशीष कक्कड़ ने कहा कि यह आयोजन मथुरा की धार्मिक पहचान को और मजबूत करेगा। कार्यक्रम गर्तेश्वर महादेव मंदिर में सुबह 7:30 बजे से 10 बजे तक आयोजित होगा। इससे पहले सुबह 7 बजे कृष्ण जन्मभूमि गेट संख्या 3 से शोभायात्रा प्रारंभ होकर मंदिर पहुंचेगी। इस दौरान विशेष पूजन, भजन–कीर्तन और दर्शन की व्यवस्था रहेगी। इस मौके पर नूपुर जैन, सीए जॉली अग्रवाल, लोकेश गोस्वामी और अर्णब भट्टाचार्य सहित कई प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

भावुक विदाई समारोह में दिखा स्नेह और शिक्षा का संगम

यूनिक समय, मथुरा। प्राथमिक विद्यालय लालपुर, विकास खंड गोवर्धन में छात्र विदाई एवं सम्मान समारोह भावुक माहौल में सम्पन्न हुआ। राज्य शिक्षक पुरस्कार प्राप्त नरेन्द्र चौधरी और रेखा रानी के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में "बस इतना ही संग था हमारा तुम्हारा..." गीत के साथ बच्चों को विदाई दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एसआरजी शिवकुमार, एआरपी मुरारीलाल उपाध्याय, कपिलदेव और हरवीर सिंह ने माँ शारदे के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। मेधावी छात्रों को शील्ड, सामान्य ज्ञान पुस्तकें और शैक्षिक किट देकर सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में छात्र राजकुमार का भाषण और छात्रा अनुष्का का नृत्य आकर्षण का केंद्र रहे। कक्षा 3 और 5 के 35 छात्रों को शिक्षकों ने स्मृति स्वरूप फोटो फ्रेम भेंट किए। कार्यक्रम में देवेंद्र शर्मा, मंदो बाबा, महंत बाबा, विनोद, ऋषिकुमार, सीता देवी, कुशमा देवी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

यमुना एक्सप्रेस वे पर बस में लगी आग

चलती बस से 48 सवारियों ने बमुश्किल कूदकर बचाई जान

यमुना एक्सप्रेस वे पर जलती बस।

बस में लगी आग बुझाते दमकलकर्मी।

यमुना एक्सप्रेस वे पर जलती बस से उठती आग की लपटें।

यूनिक समय, बाजना। थाना नौहझील इलाके के यमुना एक्सप्रेस वे पर आगरा से नोएडा के लिए जाती एक बस में अचानक आग लग गई। आग लगने की जानकारी होने पर बस की सवारियों ने किसी तरह बस से नीचे उतरकर जान बचाई। देखते ही देखते बस आग के गोले में तब्दील हो गई। फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू किया।

देखते ही देखते बस हुई आग के गोले में तब्दील

फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंचकर बुझाई आग

एक प्राइवेट बस शनिवार की प्रातः आगरा से 48 सवारियों को लेकर नोएडा के लिए जा रही थी। यमुना एक्सप्रेस वे के माइल स्टोन संख्या 64 पर तेज दौड़ती बस में करीब दस बजे आग लग गई। चालक को जब बस में आग लगने का पता लगा तो उसने बस को रोक दिया। बस में लगी आग से बस में सवार सवारियों में चीख पुकार मच गई। किसी तरह सवारियों ने बस से नीचे उतरकर जान बचाई। बताया गया कि जैसे ही पुलिस को सूचना मिली चौकी प्रभारी बाजना कट हरेंद्र सिंह, थाना प्रभारी निरीक्षक सोनू सिंह मौके पर पहुंच गए। इसके बाद फायर ब्रिगेड की मौके पर पहुंची दमकल ने जलती बस की आग को बुझाया। गनीमत रही कि आग से कोई जनहानि नहीं हुई। पुलिस और यमुना एक्सप्रेस वे की टीम ने जली बस को वहां से हटवाकर मार्ग को सुचारू किया। बताया गया कि बस में काफी सवारियों का सामान जल गया। सवारियां वहां से अपने गंतव्य को चली गई।

यमुना एक्सप्रेस वे पर तैनात की जाए एक फायर टेंडर

यूनिक समय, मथुरा। यमुना एक्सप्रेस वे पर जिस तरह वाहनों में आग लगने की घटनाएं हो रही है। आग पर तुरंत कंट्रोल करने के लिए वहां पर एक फायर ब्रिगेड की दमकल को तैनात किए जाने की आवश्यकता है। यमुना एक्सप्रेस वे पर वाहनों में आग लगने की आए दिन जिस तरह की घटनाएं हो रही हैं। आग पर काबू पाने के लिए फायर ब्रिगेड को मांट से मौके पर पहुंचने में काफी समय लगता है। अगर फायर ब्रिगेड की गाड़ी यमुना एक्सप्रेस वे पर तैनात रहे तो कुछ ही समय में फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंचकर आग को कंट्रोल कर सकती है। इससे आग से होने वाला नुकसान भी कम हो सकता है। इसके साथ ही जन हानि को

मांट-मथुरा से फायर टेंडरों को मौके पर पहुंचने में लगता है समय

भी कम किया जा सकता है। एक्सप्रेस वे पर कुछ समय पहले बल्देव थाना क्षेत्र में जिस तरह दुर्घटना में तीन वाहनों में लगी आग से कई लोगों की जलकर मौत हो चुकी है। कई अन्य वाहन धूं-धूं कर आग की भेंट चढ़ चुके हैं। स्थानीय लोगों ने यमुना एक्सप्रेस वे पर एक फायर टेंडर की तैनाती किए जाने की जिला प्रशासन से मांग की है, जिससे आग लगने पर तुरंत प्रभावी कार्रवाई कर जन-धन हानि को रोका जा सके।

बस में आग लगने के संभावित कारण क्या हो सकते हैं?

यूनिक समय, मथुरा। यमुना एक्सप्रेस वे पर चलती बस में आग लगने की घटना बेहद गंभीर है, जिसमें यात्रियों की सूझबूझ से बड़ा हादसा टल गया। ऐसे मामलों में आग लगने के पीछे कई तकनीकी और मानवीय कारण हो सकते हैं। सबसे आम कारण शॉर्ट सर्किट होता है, जो बस की वायरिंग में खराबी या ढीले कनेक्शन के कारण हो सकता है। इसके अलावा इंजन के अधिक गर्म हो जाने (ओवरहीटिंग) से भी आग लगने की संभावना रहती है। डीजल या तेल रिसाव होने पर गर्म इंजन के संपर्क में आने से आग भड़क सकती है। कई बार बसों की नियमित सर्विसिंग न होने और पुरानी वायरिंग भी हादसों को बढ़ा देती है। एक्सप्रेस वे जैसी तेज रफ्तार सड़कों पर लगातार दबाव से मैकेनिकल फेल्योर का खतरा भी बढ़ जाता है। इसलिए समय पर जांच और रखरखाव बेहद जरूरी है।

नीमगांव में एक ही परिवार के दो पक्ष आपस में भिड़े

यूनिक समय, मथुरा। थाना राया के नीमगांव में कल मेले में बच्चों के बीच हुए विवाद को लेकर आज एक ही परिवार के दो पक्षों में जमकर लाठी डंडे आदि चले। दोनों पक्षों ने एक दूसरे से जमकर मारपीट की। झगड़े में एक दर्जन महिला पुरुष घायल हो गए। पुलिस ने सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है। बताया गया कि कल लगने वाले मेले में भोला और राजपाल के परिवार के बच्चों में किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था। उस समय बात को वहीं खत्म करा दिया गया। आज प्रातः करीब सात बजे दोनों परिवार के लोग एक दूसरे के सामने आ गए। दोनों पक्षों की महिला और पुरुषों के बीच कहासुनी के बाद जमकर लाठी डंडे चले। दोनों ही

दोनों पक्षों के लोगों ने जमकर चलाए लाठी-डंडे

एक दर्जन घायलों को पुलिस ने अस्पताल में कराया भर्ती

परिवार के लोगों ने इस बात का भी ख्याल नहीं किया कि सामने महिला हैं अथवा बच्चे। जमकर एक दूसरे पर लाठी डंडे और दूसरे हथियारों से जमकर प्रहार किया। पुलिस को भी इस बारे में पता लगा। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों के घायल हुए एक दर्जन लोगों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस को तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

घनी आबादी क्षेत्र में बने गोदामों में सुरक्षा का नहीं इंतजाम

यूनिक समय, मथुरा। घनी आबादी वाले क्षेत्र में हुई इस घटना ने सुरक्षा व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि रिहायशी इलाकों में पर्याप्त सुरक्षा उपायों के बिना ऐसे गोदामों का संचालन स्थानीय लोगों के लिए जोखिम भरा हो सकता है। इन क्षेत्रों में गोदाम बनाने वालों को आग से सुरक्षा के इंतजाम करने चाहिए जिससे समय रहते आग पर काबू कर नुकसान को कम किया जा सके।

बिजली के खंभे में करंट उतरने से भैंस की मौत

घड़ी भीमा गांव में हादसा, विद्युत विभाग को दी गई सूचना

यूनिक समय, शेरगढ़ (मथुरा)। क्षेत्र के गांव घड़ी भीमा में रविवार को एक दर्दनाक हादसा सामने आया, जहां बिजली के खंभे में करंट उतरने से एक भैंस की मौत हो गई। इस घटना से किसान परिवार वाले परेशान हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, किसान हुकुम अपनी भैंस को घर से खोलकर खेत पर पानी पिलाने के लिए ले जा रहे थे। जैसे ही भैंस रास्ते में लगे विद्युत खंभे के पास पहुंची, अचानक खंभे में उतरे करंट की चपेट में आ गई। करंट इतना तेज था कि भैंस खंभे से चिपक गई और कुछ ही क्षणों में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद किसान और उसके परिजनों में कोहराम मच गया। आसपास के ग्रामीण भी मौके पर एकत्र हो गए।

यूनिक समय

स्वामी पवन गौतम के लिए राजकुमार गौतम द्वारा दैनिक यूनिक समय, 6 शंकर विहार, कृष्णा नगर मथुरा 281004 से प्रकाशित एवं बालाजी ऑफसेट प्रिंटिंग प्रेस कृष्णा नगर, मथुरा से मुद्रित।

कार्यालयः- यूनिक बिल्डिंग, 289-290 डायबिल नगर, कृष्णा नगर चौक, मथुरा।

संपादक-पवन गौतम

फोन नंबर-0565-2420150,
मो. 9837155888
E-mail : uniquesamaynews@gmail.com
website : uniquesamay.com
RNI-UPHIN/2023/85053
DAVP-: 134220
डाक पंजीकृत संख्या मथुरा 071/2026-28
सभी विवादों का न्यायालय स्थान मथुरा होगा।

चाय बनाते समय गैस सिलेंडर फटने से हुआ भंयकर विस्फोट

मकान की छत उड़ गई साथ ही घर में आग लग गई

महिला ने वहां से बाहर भाग कर बचाई जान

ग्रामीणों ने लगाई प्रशासन से आर्थिक मदद की गुहार

यूनिक समय, छाता। भौगांव में एक मकान में रविवार की प्रातः चाय बनाने के दौरान अचनाक गैस सिलेंडर फट गया। विस्फोट इतना भंयकर था कि पक्के मकान की छत के परखच्चे उड़ गए। इसके साथ ही घर में आग लग गई। महिला ने किसी तरह वहां से भाग कर अपनी जान बचाई। जोरदार धमाके से गांव में दहशत फैल गई। भोगांव निवासी रामवती रविवार की सुबह करीब 7:00 बजे अपने बच्चों के लिए चाय बना रही थीं। उस समय बच्चे घर के बाहर थे। चाय बनाने के दौरान अचानक गैस सिलेंडर में आग लग गई। महिला सिलेंडर में आग लगते देख वहां से बाहर निकल गई। इसी दौरान गैस सिलेंडर से जोरदार विस्फोट हुआ। तेज आवाज के साथ मकान की बनी पक्की छत के परखच्चे उड़ गए। इसके साथ ही घर में आग लग गई। देखते ही देखते घर में रखे सामान को आग ने अपनी चपेट में लेना शुरू कर दिया। सिंलेडर फटने की आवाज इतनी तेज थी कि गांव में काफी दूर-दूर तक धमाके की आवाज सुनाई दी। तेज आवाज से पूरा गांव दहल गया। देखते ही देखते आग ने घर के पूरे सामान को जला दिया। ग्रामीणों ने आग को बुझाने के प्रयास किए लेकिन आग पर काबू नहीं किया जा सका। ग्रामीणों ने डायल 112 और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की दमकलों ने ग्रामीणों के साथ कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हादसे की जानकारी मिलते ही प्रशासन की ओर से लेखपाल और राजस्व निरीक्षक ने घटनास्थल का मुआयना किया और नुकसान का आकलन किया। महिला रामवती के देवर मनोज ने बताया कि रामवती एक बेहद गरीब परिवार से ताल्लुक रखती हैं। उनके पति का निधन हो चुका है और वह मेहनत-मजदूरी करके अपने चार छोटे बच्चों का पालन-पोषण कर रही हैं। इस हादसे से वह और उसके बच्चे पूरी तरह से बर्बाद हो गए। इसके चलते अब परिवार के सामने जीवन यापन का संकट खड़ा हो गया है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और शासन से पीड़ित गरीब विधवा महिला की दयनीय स्थिति को देखते हुए उसे आर्थिक सहायता दिलाए जाने की मांग की है जिससे वह फिर से अपने क्षतिग्रस्त मकान की मरम्मत करा के चार बच्चों का पालन पोषण कर सके।

आग लगने के बाद जले हुए घर का नजारा।

खंडहर बना अस्पताल 50 गांवों की सेहत संकट में

यूनिक समय, बाजना। बाजना क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं की जमीनी हकीकत सरकारी दावों से बिल्कुल अलग नजर आ रही है। जहां एक ओर सरकार "हर घर स्वास्थ्य" का नारा दे रही है, वहीं यहां का एकमात्र सरकारी स्वास्थ्य केंद्र खुद बदहाली का शिकार बना हुआ है। वर्षों पुरानी इमारत अब खंडहर में तब्दील हो चुकी है, जहां टूटी दीवारें, जर्जर छत और खाली कमरों के अलावा कुछ नहीं बचा।

बाजना कस्बा करीब 50 गांवों का मुख्य केंद्र है, जहां हजारों ग्रामीण इलाज के लिए इसी स्वास्थ्य केंद्र पर निर्भर हैं। लेकिन हालात इतने खराब हैं कि यहां न तो नियमित डॉक्टर मिलते हैं और न ही बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध हैं। मरीजों को प्राथमिक उपचार तक के लिए भटकना पड़ता है। सबसे ज्यादा परेशानी गरीब परिवारों और गर्भवती महिलाओं को झेलनी पड़ रही है। प्रसव के समय अस्पताल पहुंचने पर उन्हें निराशा ही हाथ लगती है, क्योंकि यहां न डिलीवरी की सुविधा है और न ही किसी आपात स्थिति से निपटने के साधन। मजबूरी में लोगों को निजी अस्पतालों का रुख करना पड़ता है, जहां उन्हें भारी खर्च का सामना करना पड़ता है। कई मामलों में समय पर इलाज न मिलने से मरीजों की हालत गंभीर हो जाती है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार मरीजों को जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही उनकी हालत बिगड़ जाती है। इससे लोगों में प्रशासन के प्रति आक्रोश बढ़ता जा रहा है। स्थानीय लोगों ने कई बार शिकायतें भी कीं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। क्षेत्रीय जनता की मांग है कि इस स्वास्थ्य केंद्र का पुनर्निर्माण कर इसे आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाए। साथ ही स्थायी डॉक्टरों और स्टाफ की नियुक्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि ग्रामीणों को समय पर इलाज मिल सके। अब सवाल यह है कि क्या प्रशासन इस गंभीर समस्या पर ध्यान देगा या फिर यह अस्पताल यूं ही अपनी बदहाली पर आंसू बहाता रहेगा।

महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सिलाई मशीनें वितरित कीं

कोसीकलां के नवीपुर औद्योगिक क्षेत्र में महिलाओं को मशीन वितरित करते सरजीत सिंह एवं कंपनी के अधिकारीगण।

यूनिक समय, कोसीकलां। ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए एसटीपी लिमिटेड कंपनी द्वारा सिलाई मशीन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मशीनें पाकर महिलाओं के चेहरे खुशी से खिल उठे। नवीपुर औद्योगिक क्षेत्र स्थित एसटीपी लिमिटेड परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सरजीत सिंह एवं भोलू प्रधान ने जरूरतमंद ग्रामीण महिलाओं को सिलाई मशीनें वितरित कीं। कार्यक्रम के दौरान कंपनी के प्लांट हेड मनीष नारंग एवं एचआर कोमल शर्मा ने बताया कि कंपनी द्वारा कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) योजना के अंतर्गत समाज के जरूरतमंद वर्गों की सहायता के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराना कंपनी की प्राथमिकता है, जिससे वे आर्थिक रूप से मजबूत बन सकें और अपने परिवार के भरण-पोषण में सहयोग कर सकें। इस कार्यक्रम के माध्यम से करीब 85 महिलाओं को सिलाई मशीनें दी गईं। इस अवसर पर जीत सिंह, प्रवीन सिंह, विष्णु कुमार, युवराज भारद्वाज, गोविंदा सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

गो ग्राम परखम में 10 अप्रैल से कलश यात्रा के साथ होगा शुभारंभ

श्रद्धालुओं को राम के आदर्श से जोड़ेगी श्री राम की कथा

गो ग्राम परखम में आयोजित श्री राम कथा के लिए आयोजित बैठक में मौजूद मंचासीन पदाधिकारी।

श्रीराम कथा के लिए समिति गठित, देशभर के संत होंगे शामिल

गो ग्राम परखम में आयोजित होने वाली श्रीराम कथा के लिए एक भव्य समिति का गठन किया गया है। इसमें मथुरा, भरतपुर, आगरा, हाथरस, अलीगढ़, फिरोजाबाद, गाजियाबाद और नोएडा सहित कई जिलों के प्रतिनिधियों को शामिल किया गया है। मुख्य संरक्षक का दायित्व सतीश अवाना को सौंपा गया है, जबकि अध्यक्ष नारायण दास अग्रवाल बनाए गए हैं। उपाध्यक्ष सुरेश कौशिक और किशन चौधरी, कोषाध्यक्ष नरेंद्र पाठक, मंत्री प्रमोद कसेरे तथा प्रचार मंत्री मनीष अग्रवाल नियुक्त किए गए हैं। कामधेनु गौशाला के मंत्री हरीशंकर ने बताया कि महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरी की कथा में देशभर के प्रमुख संत, महंत और अखाड़ों के पीठाधीश्वर शामिल होंगे। आयोजन की सफलता को लेकर बैठक में विस्तृत मंथन किया गया।

ब्रज में पहली बार महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरी सुनाएंगे राम कथा, तैयारी को हुई बैठक

यूनिक समय, फरह। गो ग्राम परखम में अगले महीने आयोजित होने वाली राम कथा श्रद्धालुओं को श्री राम के आदर्शों से जोड़ेगी, हर प्रसंग श्रद्धालुओं में कथा के प्रति भाव पैदा करेगा। कथा आयोजन को लेकर रविवार को आयोजित बैठक में तैयारी पर चिंतन हुआ, व्यवस्था और दायित्व में सहभागिता निभाने पर मंथन हुआ। दोपहर को आयोजित बैठक में श्री राम कथा समिति के पदाधिकारियों और भाजपा के पदाधिकारी ने आयोजन की सफलता को मंथन किया। गो ग्राम परखम स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय गो अनुसंधान परिसर में 10 अप्रैल से आयोजित होने वाली श्री राम कथा को लेकर हुई बैठक में कामधेनु गोशाला के मंत्री हरीशंकर ने कहा कि आयोजन बहुत बड़ा है, क्षेत्र को आगे बढ़कर व्यवस्था और दायित्व को संभालना होगा। श्री राम कथा समिति के मुख्य संरक्षक सतीश अवाना ने कहा कि महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरी की राम कथा क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। इस भव्य आयोजन में सभी को सहभागिता निभानी होगी। भाजपा जिलाध्यक्ष निर्भय पांडे ने कहा कि हर काम को वरीयता से करना होगा। आगरा महानगर भाजपा अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता ने कहा कि इतने ही बड़े प्रकल्प को सफल बनाने के लिए सभी को मिलकर खड़ा होना होगा, गो माता तो हिंदू समाज के लिए अनुकरणीय है। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अनूप चौधरी ने कहा कि हम भाग्यशाली हैं कि ऐसी दिव्य और नव्य श्री राम की कथा सुनने का सौभाग्य मिलेगा। समाजसेवी प्रमोद कसेरे ने सभी से आयोजन में सहभागिता निभाने की अपील करते हुए कहा कि यह कथा ब्रज में पहली बार हो रही है, इसलिए सभी को उत्साह दिखाना होगा। समिति के कोषाध्यक्ष नरेंद्र पाठक ने कहा कि 10 अप्रैल से शुरू होने वाली यह कथा 16 अप्रैल तक चलेगी, 17 अप्रैल को प्रसादी भंडारा होगा। पांच हजार श्रोताओं के लिए विशाल पंडाल बनाया जा रहा है। समूचे क्षेत्र के लोगों को इस भव्य आयोजन को सफल बनाने के लिए आगे आना होगा। स्मारक निदेशक सोनपाल ने कहा कि सभी कार्यकर्ता और पदाधिकारियों के अलावा क्षेत्र के लोगों को व्यवस्था, प्रबंधन और अन्य जरूरी दायित्वों में सहभागिता निभानी होगी, कार्यकर्ता भी इस जिम्मेदारी को उठाने के लिए तत्पर रहेंगे। समिति के उपाध्यक्ष सुरेश कौशिक ने कहा कि आयोजन की सफलता को सभी को मिलकर काम करना होगा। बैठक में महीपाल सिंह, केके पचौरी, पारस ठाकुर, राज दर्शन पचौरी, हरीओम प्रधान, पोहप सिंह, भीकम चंद दुबे, केके शुक्ला, केके पचौरी, राजेंद्र शर्मा, गोरी आर्या समेत काफी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

चामुंडा देवी मंदिर में भव्य माता की चौकी, उमड़ी श्रद्धा की भीड़

यूनिक समय, मथुरा। ब्रज सेवा फाउंडेशन द्वारा प्रसिद्ध चामुंडा देवी मंदिर परिसर में माता की भव्य चौकी का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और माता रानी के भजनों व कीर्तन में भाव-विभोर होकर आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में बाहर से आए कलाकारों ने नंदी-शिव पार्वती, राधा-कृष्ण, अयोध्या के श्रीराम, पंचमुखी हनुमान और माता शेरावाली की मनमोहक झांकियां प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इन सजीव प्रस्तुतियों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम संयोजक सौरभ बंसल और सौरभ गोयल ने बताया कि श्रद्धालुओं के लिए हलवा-चना प्रसाद का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर आशीष गर्ग, किशोरी अग्रवाल, नीरज, चंद्र शेखर, तनु, राहुल बंसल, विशाल, इति, पवन, अभय गुप्ता, रश्मि, अमित, शिखा, हेमंत, अंकुर, ॠतु, अनूप, अनीषा, गौरव, विपुल, गुंजन, दुर्गेश, अभिषेक कसेरे, रोहित, श्वेता, तरुण, चैतन्य, रुद्राक्षी, पंकज, नेहा, योगिता और भावना सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं ब्रजवासी मौजूद रहे।

गर्मी से पहले बिजली विभाग अलर्ट

82 विद्युत उपकेंद्रों पर मरम्मत तेज, क्षमता बढ़ाने की तैयारी

मुख्य संवाददाता

यूनिक समय, मथुरा। जिले में गर्मियों की दस्तक के साथ ही बिजली विभाग ने अपनी तैयारियों को तेज कर दिया है। गर्मी के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए विभाग द्वारा व्यापक स्तर पर मरम्मत और क्षमता वृद्धि के कार्य किए जा रहे हैं। अधिकारियों का दावा है कि इस बार उपभोक्ताओं को कम से कम बिजली कटौती का सामना करना पड़े, इसके लिए पहले से ही ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। जिले में लगभग 82 छोटे–बड़े विद्युत उपकेंद्र (बिजली घर) संचालित हैं। इनमें से अधिकांश पर मरम्मत और रखरखाव का कार्य तेजी से चल रहा है। विभागीय टीमों द्वारा ट्रांसफार्मरों, लाइनों और अन्य उपकरणों की जांच कर आवश्यक सुधार किए जा रहे हैं, ताकि गर्मी के समय बढ़ने वाले लोड को आसानी से संभाला जा सके। विभाग के अनुसार जिले में करीब 4100 छोटे ट्रांसफार्मर लगे हुए हैं। इन सभी ट्रांसफार्मरों की मरम्मत और सर्विसिंग का कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराया जा रहा है। जिन ट्रांसफार्मरों में तकनीकी खामियां पाई जा रही हैं, उन्हें तत्काल दुरुस्त किया जा रहा है, ताकि किसी भी प्रकार की आकस्मिक खराबी से बचा जा सके। इसके अलावा अड़ींग, झरौठा और नंदगांव जैसे महत्वपूर्ण विद्युत उपकेंद्रों पर विशेष रूप से कार्य चल रहा है। इन उपकेंद्रों को मजबूत करने के लिए अतिरिक्त संसाधन लगाए गए हैं, जिससे इन क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति को और बेहतर बनाया जा सके। मुख्य अभियंता राजीव गर्ग ने जानकारी देते हुए बताया कि गर्मियों में बिजली की मांग को ध्यान में रखते हुए सभी प्रमुख स्टेशनों पर 5 एमवीए (मेगावोल्ट एम्पीयर) तक क्षमता बढ़ाने की योजना पर काम किया जा रहा है। इससे बढ़ते लोड को संतुलित करने में मदद मिलेगी और उपभोक्ताओं को बिना रुकावट बिजली मिल सकेगी। उन्होंने यह भी बताया कि जिले में कुल 7 स्थानों पर अतिरिक्त क्षमता वृद्धि का प्रस्ताव तैयार किया गया है। इनमें से एक उपकेंद्र पर 10 एमवीए तक क्षमता बढ़ाने की योजना है, जो जिले के लिए एक बड़ी राहत साबित होगी। इस योजना के लागू होने के बाद बिजली आपूर्ति व्यवस्था और अधिक मजबूत हो जाएगी। अधिकारियों का कहना है कि गर्मियों के दौरान बिजली की खपत में काफी वृद्धि हो जाती है, खासकर कूलर, एसी और अन्य उपकरणों के अधिक उपयोग के कारण। ऐसे में यदि पहले से तैयारी न की जाए, तो ट्रिपिंग और फॉल्ट की समस्याएं बढ़ जाती हैं।

जिले के सभी ट्रांसफॉर्मरों की हो रही मरम्मत

अड़ींग, झरौठा व नंदगांव उपकेंद्रों पर विशेष कार्य जारी

मित्तल परिवार का सेवा संकल्प

15वें नेत्र शिविर में 983 मरीजों को मिली नई रोशनी

यूनिक समय, मथुरा। स्व. जगदीश कुमार मित्तल एवं श्रीमती सुमन मित्तल की पुण्य स्मृति में सेठ कन्हैयालाल धार्मिक ट्रस्ट व कल्याणं करोति नेत्र संस्थान, गोवर्धन रोड के संयुक्त तत्वावधान में 15वें निःशुल्क नेत्र शिविर का भव्य समापन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ धनेश मित्तल, श्रुति मित्तल व परिवारजनों ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। शिविर में 983 मरीजों का परीक्षण हुआ, जिनमें से 101 के सफल ऑपरेशन डॉ. शैलेन्द्र चतुर्वेदी व उनकी टीम ने किए। सभी मरीजों को दवाइयां, चश्मे, भोजन व अन्य सुविधाएं निःशुल्क दी गईं। सुनील कुमार शर्मा ने बताया कि संस्था का उद्देश्य हर जरूरतमंद को बेहतर नेत्र उपचार उपलब्ध कराना है। इस मौके पर राजेश मित्तल, नीता मित्तल, संदेश मित्तल, मुकेश अग्रवाल व निरूपम भार्गव सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

डीडी प्लाजा मार्केट के व्यापारियों ने टैक्स जमा करने में दिखाया उत्साह

यूनिक समय, मथुरा। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025–26 की समाप्ति में अब मात्र दो दिन शेष रह गए हैं। महापौर एवं नगर आयुक्त, नगर निगम मथुरा–वृन्दावन के निर्देशानुसार भवन स्वामियों की सुविधा हेतु कर विभाग द्वारा विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। इसी क्रम में आज मथुरा स्थित डीडी प्लाजा कंप्यूटर मार्केट में विशेष कर शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें व्यापारियों एवं दुकानदारों ने बढ़–चढ़कर भाग लेते हुए नगर निगम का बकाया गृहकर जमा किया। शिविर में व्यापारियों का उत्साह सराहनीय रहा। इस आयोजन में हर्षवर्धन मंगल की प्रमुख भूमिका रही। कर दाताओं की सुविधा के लिए नगर निगम के सभी जोनल कार्यालय 29 मार्च को सार्वजनिक अवकाश के बावजूद खुले रहे। कर जमा करने का समय प्रातः 10 बजे से सायं 6 बजे तक निर्धारित किया गया, जो सामान्य समय से एक घंटा अधिक है। अधिकारी एवं कर्मचारी अवकाश के दिन भी कार्यालयों में उपस्थित रहकर सेवाएं प्रदान करते रहे। इस अवसर पर अपर नगर आयुक्त (कर प्रभारी) अनिल कुमार, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी नरेंद्र कुमार सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। नगर निगम ने सभी भवन स्वामियों से अपील की है कि वे नजदीकी जोनल कार्यालय या ऑनलाइन माध्यम से शीघ्र गृहकर जमा करें।

अर्टिगा कार ने रिक्शे को जोरदार टक्कर मारी, चालक घायल

यूनिक समय, मथुरा। थाना नौहझील के बाजना रोड पर एक अर्टिगा कार ने रिक्शे को जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद चालक मौके से भाग गया। घायल को स्थानीय लोगों ने अस्पताल में भर्ती कराया है। रिक्शाचालक विधायक की शिलपट्टिका लगाने के लिए जा रहा था। वहीं नौहझील तिराहे पर एक बाइक ट्रक ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। नौहझील बाजना रोड पर आज प्रातः एक रिक्शे को बाजना की ओर से तेजगति से आती अर्टिगा कार ने सामने से जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद चालक मौके से कार को भगा ले गया। दुर्घटना को देख मौके पर पहुंचे लोगों ने घायल को उठा कर नौहझील के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया। बताया गया कि थाना राया के गांव सोनी निवासी बनी सिंह ने बताया कि वह मांट के विधायक की शिला पट्टिका लगाने के लिए गांव जरैलिया जा रहा था। उसके साथ हादसा हो गया। इसी तरह नौहझील तिराहे पर आज प्रातः एक ट्रक ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। ट्रक की टक्कर से बाइक बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत रही कि बाइक सवार को कोई खास चोट नहीं आई। दुर्घटना करने वाले ट्रक को स्थानीय लोगों ने पकड़ लिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि यहां आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। दुर्घटना होने की वजह स्थानीय लोगों ने वहां सवारियों को भरने के लिए सड़क पर खड़े होने वाले डग्गेमार टेंपों को बताया है।

ट्रक की चपेट में आई बाइक, सवार बचा

तीन दिन से लापता किशोरी का नहीं लगा सुराग

यूनिक समय, मथुरा। शहर की भीकचंद गली की रहने वाली एक नाबालिग किशोरी तीन दिन से लापता है। किशोरी के इस तरह अचानक लापता होने से परिवार के लोगों का बुरा हाल है। कोतवाली पुलिस भी बच्ची की तलाश कर रही है। बताया गया कि शहर की गली भीकंचद में रहने वाली एक 13 साल की बालिका गुरुवार को सायं करीब 4.30 बजे अपनी छोटी बहन से यह कहकर घर से गई थी कि अभी वो एक घंटे में वापस लौट आएगी। इसके बाद से उसका कुछ पता नहीं लग रहा है। बच्ची के ताऊ प्रदीप अग्रवाल ने बताया कि बच्ची के पास 800 रुपये थे। उसके पास मोबाइल नहीं है। जिसके चलते उससे कोई संपर्क नहीं हो पा रहा है। बच्ची की मां वृंदावन में रहती है। पिता का कुछ समय पहले देहांत हो चुका है। बच्ची को परिवार के लोगों ने सभी संभावित स्थानों पर तलाश किया। इसके साथ ही उसके संपर्क में रहने वालों से भी जानकारी की गई, लेकिन उसका कुछ पता नहीं लगा। पुलिस को भी इस बारे में सूचना दी गई। पुलिस भी उसकी लगातार तलाश कर रही है। पुलिस ने इस इलाके के सभी सीसी टीवी की फुटेज तलाश रही है।

घर से एक घंटे में लौटने की कह कर निकली थी

परिवार और पुलिस लगातार कर रहे तलाश

पथवारी माता मंदिर पर सजाया गया फूल बंगला

यूनिक समय, शेरगढ़। पथवारी माता मंदिर उझानी रोड शेरगढ़ पर सातवां विशाल भव्य फूल बंगला व भजन संध्या के साथ आयोजन किया गया। भक्ति भजनों से उपस्थित भक्तगण झूमने को मजबूर हो गए। कैलाश शर्मा एडवोकेट ने बताया कि इस मंदिर पर लगातार 7 वर्षों से फूल बंगला का आयोजन किया जा रहा है। इस दिन काफी संख्या मे भक्त अपनी मनोकामना करने आते हैं।

जीवन जीने की कला सिखाती है भागवत

फरह कस्बा में आयोजित भागवत कथा के दौरान निकाली गई कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु।

यूनिक समय, फरह। कस्बा में थाने के पीछे रविवार से श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। कथा शुभारंभ के मौके पर कलश यात्रा निकाली गई। सिर पर कलश धारण करने निकली महिलाओं के भाव से कस्बा में श्रद्धा और भक्ति का भाव बना। सात दिवसीय भागवत कथा का शुभारंभ सुबह कलश यात्रा के साथ हुआ। पीत वस्त्र धारण करके महिलाएं कलश के साथ कस्बा की गलियों में निकली तो वातावरण भक्तिमय हो गया। यात्रा के दौरान श्रद्धालु लाखन सिंह भागवत को सिर पर धारण कर चले जबकि महिलाओं ने भजन गाए। शोभायात्रा के बाद महिलाओं ने कथा पंडाल में कलश स्थापित किए। पहले दिन कथा सुनते हुए आचार्य सूर्यकांत शास्त्री ने कहा कि भागवत कथा श्रवण से जीवन जीने की राह मिलती है। कथा कई जन्मों के पाप से मुक्ति दिलाती है। जिस स्थान पर कथा होती है, उस स्थान पर भगवान भी विराजमान होते हैं। इसलिए हमेशा भागवत कथा श्रवण करना चाहिए। इस मौके पर पंकज गोयल, लक्ष्मण पंडित, महीपाल सिंह, पप्पू, बृजेश तरकर, ओंकार सिंह मौजूद रहे।

कलश यात्रा में झलकी श्रद्धा और भक्ति

उपजिलाधिकारी ने बच्चों के साथ खाया मिड–डे मील

पार्टी का सबसे मजेदार पल तब आया जब रणवीर और संजय ने फिल्म के हिट गाने 'आरी आरी' पर जमकर डांस किया। रणवीर ने माइक हाथ में लेकर ऊंच पर बज रहे गाने पर लिप-सिंक किया और मंच पर उनका उत्साह देखते ही बन रहा था। वहीं, संजय दत्त भी इस पल का आनंद लेते हुए दिखाई दिए। पार्टी में रणवीर का कूल कैजुअल लुक और संजय का पारंपरिक कुर्ता सभी का ध्यान खींच रहा था।

सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में रणवीर और संजय के साथ हमजा अली मजारी और असलम भी 'आरी आरी' गाने पर थिरकते हुए नजर आए। इस वीडियो ने फैंस को खूब पसंद आया और दोनों स्टार्स की बॉन्डिंग और एनर्जी को लेकर सोशल मीडिया पर लोग तारीफ कर रहे हैं। फैंस ने दोनों की दोस्ती और तालमेल की भी तारीफ की। एक यूजर ने लिखा, "रणवीर और संजय का जबरदस्त डांस बहुत ही शानदार है।" वहीं दूसरे ने कहा, "हमजा अली मजारी और असलम ने कमाल कर दिया।" इस इवेंट ने यह साबित कर दिया कि फिल्म की सफलता के जश्न में दोनों सितारे अपनी एनर्जी और मस्ती से सभी का मनोरंजन कर सकते हैं। इस तरह रणवीर सिंह और संजय दत्त ने 'धुरंधर 2' की सफलता का जश्न शानदार अंदाज में मनाया और सोशल मीडिया पर अपनी मस्ती का मजा फैंस के साथ साझा किया।

ओटीटी पर धमाल मचाती क्राइम थ्रिलर 'काट्टान'

यूनिक समय, नई दिल्ली। ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर क्राइम थ्रिलर सीरीज का क्रेज तेजी से बढ़ रहा है और इस लिस्ट में विजय सेतुपति की नई वेब सीरीज 'काट्टान' ने तहलका मचा दिया है। यह सीरीज 27 मार्च को जियो हॉटस्टार पर रिलीज हुई और दर्शकों का ध्यान हर एपिसोड में बने सस्पेंस ने खींचा।

'काट्टान' की कहानी विजय सेतुपति के किरदार मुथु के इर्द-गिर्द घूमती है। मुथु को कुछ लोग हीरो मानते हैं, तो कुछ राक्षस और कुछ चमत्कार। कहानी की शुरुआत होती है, जब तमिलनाडु के एक पुलिस स्टेशन के पास एक कटा हुआ सिर मिलता है। इसके बाद हर एपिसोड में रोमांचक ट्विस्ट और सस्पेंस के ऐसे मोड़ आते हैं कि दर्शक अगला एपिसोड देखने के लिए बेताब हो जाते हैं। सीरीज को एम मणिकंदन और बी अजितकुमार ने डायरेक्ट किया है। इसमें विजय सेतुपति के अलावा मिलिंद सोमन, सुदेव नायर, कलैवानी भास्कर, मुथुकुमार, वीजे पार्वती, रिशा जैकब्स मोनिका और वडिवेल मुरुगन भी हैं। कुल 10 एपिसोड वाली यह थ्रिलर वेब सीरीज आईएमबीडी पर 8.3 रेटिंग के साथ दर्शकों की पसंद बन चुकी है। हर एपिसोड का सस्पेंस और कहानी की गहराई इसे ओटीटी पर टॉप ट्रेंडिंग सीरीज बनाती है। अगर आप घर पर बैठे मनोरंजन के लिए कोई धांसू क्राइम थ्रिलर देखना चाहते हैं, तो 'काट्टान' आपके लिए बेस्ट विकल्प है।

अक्षय खन्ना तेलुगु फिल्म 'महाकाली' में करेंगे डेब्यू

यूनिक समय, नई दिल्ली। अक्षय खन्ना अपने करियर में नए अध्याय की ओर बढ़ते हुए साउथ फिल्म 'महाकाली' से तेलुगु सिनेमा में डेब्यू करने जा रहे हैं। इस फिल्म में वे हिंदू पौराणिक कथा के प्रसिद्ध असुर गुरु शुक्राचार्य का किरदार निभाएंगे। 28 मार्च को अक्षय के जन्मदिन पर फिल्म निर्माता प्रशांत वर्मा ने सेट से एक खास बीटीएस तस्वीर शेयर की, जिसमें अक्षय खन्ना शुक्राचार्य के रूप में नजर आए। तस्वीर के साथ प्रशांत ने लिखा कि अक्षय खन्ना सच्चे अभिनेता हैं और असली प्रतिभा को शोर-शराबे की जरूरत नहीं होती। उन्होंने अक्षय के सहज अभिनय और उपस्थिति की तारीफ करते हुए कहा कि उनके साथ काम करना सम्मान की बात है। प्रशांत ने बताया कि जल्द ही दर्शकों को फिल्म के रोमांचक अनुभव से परिचित कराया जाएगा। 'महाकाली' का निर्देशन पूजा अपर्णा कोल्लुरु कर रही हैं। यह फिल्म प्रशांत वर्मा सिनेमैटिक यूनिवर्स का हिस्सा है, जिसमें पहले 2024 में 'हनुमान' फिल्म रिलीज हुई थी। फिल्म में मुख्य महिला सुपरहीरो की भूमिका भूमि शेट्टी निभा रही हैं।

फिल्म का रिलीज डेट 15 मई 2026 तय किया गया है। अक्षय खन्ना इसके अलावा सिद्धार्थ पी. मल्होत्रा की फिल्म 'इक्का' में भी नजर आएंगे। इसमें वे मुख्य खलनायक की भूमिका निभाएंगे। फिल्म में सनी देओल, दीया मिर्जा, तिलोत्तमा सोम और संजीदा शेख भी हैं और यह फिल्म सीधे नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। अक्षय खन्ना की ये नई फिल्में उनके अभिनय की विविधता और पैन-इंडियन फिल्म उद्योग में उनकी उपस्थिति को और मजबूत करेंगी।

समीरा रेड्डी ने शेयर की फराह खान के साथ थ्रोबैक तस्वीर

यूनिक समय, नई दिल्ली। अभिनेत्री समीरा रेड्डी ने सोशल मीडिया पर अपनी पहली फिल्मी गाने की शूटिंग की पुरानी तस्वीर शेयर की। यह तस्वीर 2002 की फिल्म 'मैंने दिल तुझको दिया' के गाने 'थोड़ा सा प्यार हुआ है' के दौरान की है। इस गाने को उदित नारायण और अलका याग्निक ने गाया था और यह समीरा रेड्डी और सोहेल खान पर फिल्माया गया।

समीरा ने इंस्टाग्राम स्टोरी में इस तस्वीर के साथ लिखा, "मिस्त्र में मेरा पहला फिल्मी गाना। फराह हम दोनों बच्चे जैसे दिख रहे हैं।" कोरियोग्राफर फराह खान ने भी इसे शेयर करते हुए लिखा, "तुम तब बच्ची थी समीरा।" फिल्म 'मैंने दिल तुझको दिया' में समीरा रेड्डी, संजय दत्त, कबीर बेदी और दलीप ताहिल जैसे कलाकार थे। इस गाने का कोरियोग्राफी फराह खान ने किया था। समीरा ने यह भी बताया कि 2004 की सुपरहिट फिल्म 'मैं हूं ना' में फराह खान ने सुष्मिता सेन की भूमिका के लिए सबसे पहले उन्हें चुना था, लेकिन शेड्यूलिंग और अन्य प्रोजेक्ट्स के कारण उन्हें यह भूमिका नहीं मिल सकी। इस बात का उन्हें आज भी अफसोस है।

गली को 60 फीट चौड़ा करने की योजना

दालमंडी में ध्वस्तीकरण, मॉडल रोड के लिए बड़ी कार्रवाई

यूनिक समय, वाराणसी। वाराणसी के दालमंडी क्षेत्र में रविवार को बड़े पैमाने पर ध्वस्तीकरण अभियान चलाया गया। प्रशासन की देखरेख में करीब 30 मकानों को तोड़ा जा रहा है। मजदूर छेनी-हथौड़ी के जरिए भवनों को ध्वस्त कर रहे हैं, जबकि मौके पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं।

कार्रवाई के दौरान 150 से अधिक पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। पूरे इलाके में बैरिकेडिंग कर आम लोगों की आवाजाही पर रोक लगा दी गई है। साथ ही, ड्रोन कैमरों से निगरानी कर स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। प्रशासन के अनुसार, जिन मकानों को हटाया जा रहा है, उनकी रजिस्ट्री पूरी कर ली गई है और संबंधित मालिकों को मुआवजा राशि उनके खातों में भेज दी गई है। ईद के मद्देनजर पहले इस कार्रवाई को टाल दिया गया था, लेकिन अब इसे तेजी से

पूरा किया जा रहा है। इससे पहले भी 22 जर्जर मकानों को गिराया जा चुका है। यह पूरा अभियान दालमंडी गली को मॉडल सड़क के रूप में विकसित करने की योजना का हिस्सा है। इस परियोजना का शिलान्यास प्रधानमंत्री द्वारा उनके काशी दौरे के दौरान किया गया था। इसके लिए राज्य सरकार ने 215.88 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की है, जिसमें से 191 करोड़ रुपये भवन और दुकान मालिकों को मुआवजे के रूप में दिए जा रहे हैं।

लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के अनुसार, नई सड़क से चौक थाना तक करीब 650 मीटर लंबी दालमंडी गली को 60 फीट चौड़ा किया जाएगा।

बैरिकेडिंग कर रोकी गई आम लोगों की आवाजाही

150 पुलिसकर्मियों की तैनाती, ड्रोन से की जा रही कड़ी निगरानी

मुआवजा देकर हटाए जा रहे भवन और दुकानें

इसमें 30 फीट चौड़ी सड़क और दोनों ओर 15-15 फीट की पटरी बनाई जाएगी। साथ ही बिजली, पानी और सीवर की सभी व्यवस्थाएं भूमिगत की जाएंगी, जिससे क्षेत्र में फैले तारों के जंजाल से भी मुक्ति मिलेगी। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में यातायात व्यवस्था बेहतर होने के साथ ही शहरी विकास को नई दिशा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

गैस संकट या अव्यवस्था कतारों में बढ़ता आक्रोश

यूनिक समय, मेरठ। मेरठ में घरेलू एलपीजी गैस को लेकर हालात बिगड़ते नजर आ रहे हैं। गैस एजेंसियों पर लंबी कतारें और बढ़ता हंगामा प्रशासन के "पर्याप्त स्टॉक" के दावों पर सवाल खड़े कर रहा है। शहर के कई इलाकों में लोग घंटों लाइन में खड़े रहने को मजबूर हैं, जबकि कई जगह कर्मचारियों से झड़प की घटनाएं भी सामने आई हैं।

सूरजकुंड, हापुड़ रोड और तिरंगा गैस एजेंसी जैसे क्षेत्रों में भीड़ लगातार बढ़ती जा रही है। हालात ऐसे हो गए कि कुछ जगहों पर लोगों का गुस्सा फूट पड़ा और हंगामे की स्थिति बन गई। खासतौर पर घनी आबादी वाले इलाकों में स्थिति ज्यादा संवेदनशील बनी हुई है।

जिला प्रशासन का कहना है कि जिले में गैस का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है और सप्लाई सामान्य है। लेकिन जमीनी हकीकत इससे अलग दिखाई दे रही है। एजेंसी संचालकों का दावा है कि लोग तय समय से पहले ही सिलेंडर लेने पहुंच रहे हैं, जिससे भीड़ बढ़ रही है। वहीं, कई उपभोक्ताओं का कहना है कि बुकिंग के बावजूद समय पर डिलीवरी नहीं हो रही।

कालाबाजारी की आशंका ने भी हालात को और बिगाड़ा है। पूर्ति विभाग की जांच में कुछ एजेंसियों और हॉकरों के खिलाफ कार्रवाई भी की गई है। साथ ही, कई व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर घरेलू सिलेंडरों के इस्तेमाल के मामले सामने आए हैं, जिससे आम उपभोक्ताओं के हिस्से की गैस प्रभावित हो रही है।

एक और चिंता का विषय यह है कि बिना बुकिंग के भी लोगों के मोबाइल पर सिलेंडर बुकिंग के मैसेज पहुंच रहे हैं। इससे सिस्टम की पारदर्शिता पर सवाल उठ रहे हैं और लोगों में अविश्वास बढ़ रहा है।

कुल मिलाकर, यह स्थिति सिर्फ गैस की उपलब्धता का नहीं, बल्कि प्रबंधन और निगरानी की कमी का संकेत देती है। जब तक सप्लाई व्यवस्था पारदर्शी और सुचारु नहीं होगी, तब तक लोगों को राहत मिलना मुश्किल है।

एकादशी पर अयोध्या में उमड़ी श्रद्धा की अपार भीड़

यूनिक समय, अयोध्या। अयोध्या में एकादशी के अवसर पर आयोजित पंचकोसी परिक्रमा में रविवार को लाखों श्रद्धालु शामिल हुए। सुबह से ही परिक्रमा मार्ग पर भक्तों की लंबी कतारें नजर आईं और पूरा क्षेत्र "जय श्रीराम" के जयघोष से गूंज उठा।

उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों के अलावा बिहार से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु अयोध्या पहुंचे। सभी ने आस्था और भक्ति के साथ परिक्रमा पूरी कर भगवान श्रीराम के प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट की और देश-प्रदेश की खुशहाली की कामना की।

श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रशासन ने व्यापक इंतजाम किए थे। परिक्रमा मार्ग पर पेयजल, चिकित्सा और सुरक्षा की विशेष व्यवस्था की गई।

पुलिस बल तैनात कर भीड़ को नियंत्रित किया गया, जिससे आयोजन शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ।

गौरतलब है कि इससे पहले यहां आयोजित श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का समापन हुआ था। इसके अगले ही दिन हुई परिक्रमा में उमड़ी भीड़ ने अयोध्या की धार्मिक आस्था और परंपरा को फिर जीवंत कर दिया।

उच्चशिक्षित महिलाएं अब बनेंगी रोडवेज कंडक्टर

यूनिक समय, अलीगढ़। अलीगढ़ में रोडवेज बसों की तस्वीर बदलने की दिशा में एक नई पहल शुरू हुई है। महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के लिए परिवहन विभाग ने महिला परिचालकों की भर्ती प्रक्रिया शुरू की है, जिसमें एमए, एमएड, बीएड जैसी उच्च डिग्रीधारक युवतियां भी आवेदन कर रही हैं। मसूदाबाद बस स्टैंड पर आयोजित भर्ती मेले में बड़ी संख्या में शिक्षित महिलाएं पहुंचीं। न्यूनतम योग्यता इंटरमीडिएट होने के बावजूद उच्च शिक्षित अभ्यर्थियों की भागीदारी ने सभी को चौंका दिया। उनका कहना है कि यह नौकरी न केवल रोजगार का अवसर है, बल्कि आत्मनिर्भर बनने और समाज में अपनी भूमिका मजबूत करने का जरिया भी है।

हालांकि, 300 पदों के मुकाबले केवल 102 आवेदन ही आए, जिससे इस नौकरी के प्रति सीमित रुचि भी सामने आई है। परिवहन विभाग के अनुसार शेष पदों के लिए आगे और भर्ती मेले आयोजित किए जाएंगे।

काला चश्मा, तलवार और आईपीएस दूल्हे का स्वैग

यूनिक समय, लखनऊ। उत्तर प्रदेश के संभल के पुलिस अधीक्षक केके बिश्नोई इन दिनों अपनी शादी को लेकर सुर्खियों में हैं। रविवार को वे पूरे शाही अंदाज में दूल्हा बनकर राजस्थान के बाड़मेर से जोधपुर के लिए बारात लेकर रवाना हुए, जहां उनकी शादी अंशिका वर्मा से होनी है।

दूल्हे के रूप में केके बिश्नोई का अंदाज बेहद खास रहा। उन्होंने पारंपरिक शेरवानी पहन रखी थी, आंखों पर काला चश्मा और हाथ में तलवार थामे घोड़ी पर सवार होकर बारात निकाली। घर से निकलने से पहले बहन ने उन्हें मिठाई खिलाई, जिसके बाद वे मंदिर में पूजा-अर्चना के लिए पहुंचे। इस दौरान ढोल-नगाड़ों की गूंज और घर की महिलाओं के डांस ने माहौल को और भी उत्साहपूर्ण बना दिया। शादी की थीम "कृष्णांशिका" रखी गई है, जो दोनों के नामों का सुंदर संगम है। इससे पहले मेहंदी और हल्दी समारोह भी धूमधाम से आयोजित किए गए। बाड़मेर में हुई मेहंदी सेरेमनी में केके बिश्नोई दोस्तों के साथ राजस्थानी गीतों पर झूमते नजर आए, वहीं

अंशिका वर्मा की मेहंदी जोधपुर में संपन्न हुई। बारात करीब 200 किलोमीटर की दूरी तय कर 3-4 घंटे में जोधपुर पहुंचेगी, जहां शादी की मुख्य रस्में पूरी की जाएंगी। दोनों ही आईपीएस अधिकारी होने के कारण यह शादी प्रशासनिक और सामाजिक हलकों में खास चर्चा का विषय बनी हुई है। पूरे आयोजन में परंपरा और आधुनिकता का अनोखा संगम देखने को मिला-जहां एक ओर शाही बारात और रस्में थीं, वहीं दूसरी ओर दूल्हे का स्टाइल और उत्साह भी आकर्षण का केंद्र बना रहा। यह शादी न केवल दो व्यक्तियों का मिलन है, बल्कि दो जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारियों के जीवन का नया अध्याय भी है।

यूपी के 61 हजार गांवों तक पहुंचेगी बैंकिंग सुविधा

यूनिक समय, लखनऊ। उत्तर प्रदेश के हजारों गांव और कस्बे, जो अब तक बैंकिंग सेवाओं से दूर थे, जल्द ही वित्तीय व्यवस्था से जुड़ने वाले हैं। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के निर्देश पर राज्य के 61 हजार से अधिक बैंकिंग-विहीन केंद्रों तक सेवाएं पहुंचाने की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। यह कदम ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और लोगों को वित्तीय रूप से सशक्त बनाने की दिशा में अहम माना जा रहा है।

आरबीआई के अनुसार प्रदेश में कुल 62,404 ऐसे केंद्र चिन्हित किए गए थे, जहां बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध नहीं थीं। इनमें से अधिकांश टियर-6 श्रेणी में आते हैं, जहां आबादी 5000 से कम है। इन क्षेत्रों में पारंपरिक बैंक शाखाएं खोलना भौगोलिक और आर्थिक कारणों से कठिन है। ऐसे में

बैंकों को वैकल्पिक उपाय अपनाने के निर्देश दिए गए हैं। अब इन इलाकों में बैंकिंग आउटलेट, बैंक मित्र और डिजिटल माध्यमों के जरिए सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इससे न केवल लागत कम होगी, बल्कि दूर-दराज के क्षेत्रों तक पहुंच आसान हो सकेगी। बैंकों ने इस दिशा में माइक्रो लेवल सर्वे शुरू कर दिया है, ताकि हर क्षेत्र की जरूरत के अनुसार सुविधाएं विकसित की जा सकें। प्राथमिकता उन गांव-कस्बों को दी जा रही है, जहां आबादी चार से पांच हजार के बीच है। पहले चरण में 641 केंद्रों को चुना गया था, जिनमें से 618 तक बैंकिंग सेवाएं पहुंच चुकी हैं। हालांकि, कुछ दुर्गम और बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में अभी भी काम बाकी है, जहां जल्द सेवाएं शुरू करने की तैयारी चल रही है। इन प्रयासों की निगरानी राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (एसएलबीसी) के माध्यम से की जा रही है। बैंकों को हर केंद्र की प्रगति रिपोर्ट नियमित रूप से आरबीआई को भेजने के निर्देश दिए गए हैं। जिला स्तर पर भी प्रशासन के साथ समन्वय बढ़ाया गया है, ताकि कार्य में तेजी लाई जा सके। विशेषज्ञों का मानना है कि इस पहल से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी। जनधन योजना, पेंशन, सब्सिडी और डिजिटल भुगतान जैसी सुविधाएं सीधे गांवों तक पहुंचेंगी, जिससे आर्थिक गतिविधियां बढ़ेंगी और लोगों की बैंकिंग तक पहुंच आसान होगी। कुल मिलाकर, यह पहल वित्तीय समावेशन की दिशा में एक बड़ा कदम है, जो प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्रों को मुख्यधारा से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

सरकारी नहीं, असरकारी संत: अविमुक्तेश्वरानंद

यूनिक समय, अंबेडकरनगर। अंबेडकरनगर में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने गोमाता की रक्षा को लेकर सख्त रुख अपनाया। उन्होंने कहा कि किसी भी पार्टी का नेता हो, उसे गोमाता की रक्षा करनी ही पड़ेगी। उन्होंने खुद को "सरकारी नहीं, असरकारी संत" बताते हुए कहा कि संतों का काम सत्ता का समर्थन नहीं, बल्कि अन्याय के खिलाफ आवाज उठाना है। उन्होंने 3 मई से प्रदेशव्यापी धर्मयुद्ध यात्रा की घोषणा की और आरोप लगाया कि गो संरक्षण के मुद्दे पर सरकार अपेक्षित कदम नहीं उठा रही। साथ ही यूजीसी संशोधन पर भी सवाल खड़े किए।

सार संक्षेप

मन की बात: पीएम मोदी ने की देशवासियों से एकजुट रहने की अपील

यूनिक समय, नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' के 132वें एपिसोड में देशवासियों से पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच एकजुट रहने का आह्वान किया। उन्होंने अफवाहों से बचने और सरकार की जानकारी पर भरोसा रखने की सलाह दी। पीएम मोदी ने पांडुलिपियों के संरक्षण, युवाओं की भागीदारी और खेलों में हाल की उपलब्धियों जैसे टी 20 विश्व कप और रणजी ट्रॉफी पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने युवाओं के योगदान और स्पोर्ट्स को बढ़ावा देने की भूमिका की सराहना की।

पुलिस भर्ती के दौरान दौड़ते युवक की मौत, सपना अधूरा रह गया

यूनिक समय, नई दिल्ली। महाराष्ट्र के बुलढाणा के 23 वर्षीय पुरुषोत्तम भीमराव बुरकुल की पुलिस भर्ती के दौरान पुणे में दौड़ते समय मौत हो गई। शिवाजीनगर मैदान में 1600 मीटर दौड़ के तीसरे चक्कर में उन्हें अचानक दौरा पड़ा और वे गिर पड़े। तुरंत ससून अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित किया। एक्सपर्ट्स के अनुसार, दौड़ के दौरान हृदय पर अत्यधिक दबाव पड़ने, कार्डियक अरेस्ट या जन्मजात दिल की समस्या मौत का मुख्य कारण हो सकते हैं।

तमिलनाडु चुनाव: अभिनेता विजय दो सीटों से लड़ेंगे

यूनिक समय, नई दिल्ली। तमिलगा वेत्री कड़गम (टीवीके) प्रमुख अभिनेता विजय ने घोषणा की कि वह चेन्नई की पेरम्बेर और तिरुचिरापल्ली ईस्ट विधानसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे। इन सीटों पर उनके नामांकन के रूप में 'सी. जोसेफ विजय' होगा। विजय ने अपने उम्मीदवारों को डीएमके के खिलाफ भ्रष्टाचार के खिलाफ शपथ दिलाई और कहा कि यह चुनाव उनके जनता गठबंधन और एमके स्टालिन नेतृत्व वाली डीएमके के बीच सीधा मुकाबला होगा। उन्होंने भरोसेमंद उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है।

तमिलनाडु चुनाव: एआईएडीएमके ने जारी की तीसरी उम्मीदवार सूची

यूनिक समय, नई दिल्ली। तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के लिए एआईएडीएमके ने 17 नए उम्मीदवारों की तीसरी सूची जारी की है। पार्टी महासचिव ईके पलानीस्वामी ने वरिष्ठ नेता आदि राजाराम को चेपॉक-तिरुवल्लिकेनी, पूर्व मंत्री बी. वलारमति को थाउजेंड लाइट्स और एस. गोकुला इंदिरा को अन्ना नगर से चुनाव लड़ने का मौका दिया। अब तक एआईएडीएमके कुल 167 उम्मीदवारों का ऐलान कर चुकी है। आगामी चुनाव 23 अप्रैल को तमिलनाडु की 234 विधानसभा सीटों पर एक चरण में होंगे।

केरल में पीएम मोदी का शंखनाद: पलक्कड़ में विपक्ष पर किया तीखा वार

एलडीएफ और यूडीएफ पर लगाए आरोप

कहा, राज्य में भाजपा सरकार बनने पर घोटालों की जांच कराई जाएगी

यूनिक समय, नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केरल विधानसभा चुनाव प्रचार के लिए पलक्कड़ पहुंचे। यहां उन्होंने एक विशाल जनसभा को संबोधित किया। प्रधानमंत्री पारंपरिक केरल मुंडु (धोती) में नजर आए और जनसभा में उनका भव्य स्वागत किया गया। समारोह के दौरान उन्होंने केरल के प्रसिद्ध वाद्य यंत्र 'चेंडा' पर भी हाथ आजमाया और इसे उत्साहपूर्वक बजाया।
पीएम मोदी ने एलडीएफ और यूडीएफ पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि ये दोनों दल दशकों तक सत्ता का व्यापार करते रहे, केरल को लूटने के लिए आपस में समझौता करते थे और केवल वोटबैंक नीतियों पर ध्यान देते थे। उन्होंने कहा कि जनता अब इस भ्रष्ट राजनीति को समझ चुकी है और भाजपा और एनडीए में विश्वास कर रही है।
प्रधानमंत्री ने कहा कि पलक्कड़ का माहौल अब बदलाव का प्रतीक बन चुका है। उन्होंने केरल की जनता, युवाओं, महिलाओं और किसानों को भाजपा पर भरोसा

करते हुए देखा। पीएम ने भाजपा कार्यकर्ताओं की मेहनत और उनके साहस की भी सराहना की, जिन्होंने राजनीतिक हिंसा के बावजूद अपना योगदान दिया। प्रधानमंत्री ने जनता को भरोसा दिलाया कि भाजपा और एनडीए की सरकार आने पर केरल में तेज विकास होगा। उन्होंने कहा कि राज्य में भाजपा सरकार बनने पर घुराने घोटालों की जांच कराई जाएगी और जनता को न्याय मिलेगा। यह 'मोदी की गारंटी' है। वहीं पीएम मोदी ने पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारत की सरकार युद्ध के प्रभाव से भारतीयों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लगातार काम कर रही है। उन्होंने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि वह इस संवेदनशील मामले का राजनीतिक फायदा उठाने की कोशिश कर रही है, जिससे खाड़ी देशों में रह रहे भारतीयों की सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है। प्रधानमंत्री ने केरल के सुंदर वातावरण की भी तारीफ की और जनता से बदलाव के समर्थन की अपील की, जिससे राज्य में एनडीए सरकार बन सके और भ्रष्टाचार का अंत हो।

असम चुनाव : मल्लिकार्जुन खड़गे ने की पांच बड़ी गारंटियों की घोषणा

यूनिक समय, नई दिल्ली। असम विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने लखीमपुर जिले के नाओबोइचा में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए पार्टी का घोषणापत्र पेश किया। उन्होंने जनता के लिए पांच मुख्य गारंटियों की घोषणा की। महिला कल्याण, महिलाओं के बैंक खातों में बिना शर्त नकदी ट्रांसफर और नया व्यवसाय शुरू करने के लिए 50,000 रुपये की सहायता। स्वास्थ्य सुरक्षा, हर परिवार को 25 लाख रुपये तक का कैशलेस स्वास्थ्य बीमा। भूमि अधिकार, करीब 10 लाख स्थानीय 'भूमिपुत्रों' को भूमि का स्थायी पट्टा। जुबीन गर्ग मामले में न्याय, 100 दिनों में जांच पूरी कर न्याय सुनिश्चित। बुजुर्ग सहायता, राज्य के वरिष्ठ नागरिकों को हर महीने 1,250 रुपये की आर्थिक मदद। खरगे ने भाजपा सरकार पर 'डबल लूट' का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा पर राज्य में डर का माहौल बनाने का आरोप लगाया। उन्होंने भ्रष्टाचार और जातिगत भेदभाव के मुद्दे उठाए और जनता से भाजपा को सत्ता से बाहर करने की अपील की। उन्होंने असम की विरासत और गौरव की चर्चा करते हुए शंकर देव, गोपीनाथ बोरदोलोई और तरुण गोगोई जैसे नेताओं को याद किया और भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस ने देश को एकजुट रखा, जबकि भाजपा विभाजन फैलाती है। यह घोषणा कांग्रेस की असम में वापसी की रणनीति का अहम हिस्सा मानी जा रही है।

देश की सुरक्षा कांग्रेस के लिए कभी प्राथमिकता नहीं रही : अमित शाह

यूनिक समय, नई दिल्ली। गृह मंत्री अमित शाह अपने दो दिवसीय असम दौरे के दौरान सोनितपुर में रैली को संबोधित किया। उन्होंने कांग्रेस पर जमकर हमला बोला और कहा कि देश की सुरक्षा कांग्रेस के लिए कभी प्राथमिकता नहीं रही। अमित शाह ने रैली में कहा कि कांग्रेस ने हमेशा राजनीतिक लाभ के लिए ही सुरक्षा नीतियों को कमजोर किया। उनके अनुसार, कांग्रेस की सोच में देश और लोगों की सुरक्षा कोई महत्व नहीं रखती। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे इस बार चुनाव में अपनी सोच बदलें और देश की सुरक्षा को प्राथमिकता दें। अमित शाह ने कांग्रेस नेता गौरव गोगोई पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि गोगोई केवल राजनीतिक विरोध

करने में विश्वास रखते हैं और ऐसे मुद्दों का विरोध करते हैं जो राष्ट्रीय सुरक्षा और लोगों के हित में जरूरी हैं। अमित शाह ने कहा कि ऐसे नेता देश की सुरक्षा और विकास के मुद्दों को नजरअंदाज कर अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं पर ध्यान केंद्रित करते हैं। उनका कहना था कि कांग्रेस केवल विरोध करने के लिए विरोध करती है और जनता की सुरक्षा को हमेशा नजरअंदाज करती है। रैली में अमित शाह ने असम की जनता से अपील की कि वे भाजपा के विकास और सुरक्षा एजेंडे को समझें। उन्होंने कहा कि भाजपा ही वह पार्टी है जो राष्ट्रीय सुरक्षा, लोगों की सुरक्षा और राज्य के विकास को प्राथमिकता देती है। अमित शाह ने जोर देकर कहा कि असम में स्थिर और मजबूत सरकार जरूरी है, जो न केवल विकास के लिए काम करे बल्कि सुरक्षा और कानून-व्यवस्था को भी सुनिश्चित करे। अमित शाह की रैली में बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

भाजपा सत्ता में आई तो मछली, मांस और अंडा खाना हो जाएगा मुश्किल : ममता

यूनिक समय, नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा शासित राज्यों में लोग मछली नहीं खा सकते। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर बंगाल में भाजपा सत्ता में आती है, तो यहां के लोगों का मछली, मांस और अंडा खाना भी मुश्किल हो जाएगा। ममता ने कहा कि भाजपा अपनी मर्जी का खान-पान दूसरों पर थोपती है।
सीएम ने भाजपा पर नफरत फैलाने और दंगे भड़काने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मासूम और बेगुनाह लोगों की जान लेकर ही भाजपा सत्ता तक पहुंचती है। ममता ने यह भी आरोप लगाया

कि आज देश में सबसे ज्यादा आदिवासियों और महिलाओं पर अत्याचार भाजपा शासित राज्यों में हो रहे हैं। वहां कानून-व्यवस्था की स्थिति बेहद खराब है। ममता बनर्जी ने बंगालियों की अस्मिता और प्रवासियों के खिलाफ होने वाले हमलों का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार किसी पर भेदभाव नहीं करती और सभी को साथ लेकर चलने में विश्वास रखती है।
उन्होंने लक्ष्मी भंडार योजना का भी जिक्र किया और कहा कि टीएमसी की सरकार रहेगी तो माताओं और बहनों को आजीवन लाभ मिलता रहेगा, जबकि भाजपा केवल चुनाव के समय ही आर्थिक सहायता देती है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि बंगाल की संस्कृति, खान-पान और जनता की सुरक्षा के लिए टीएमसी ही भरोसेमंद विकल्प है और लोग भाजपा के आने पर न केवल अपनी आजादी बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक अधिकार भी खो देंगे।

इलाहाबाद हाईकोर्ट का फैसला: बेटे की मौत के बाद बहू से गुजारा भत्ता नहीं लिया जा सकता

यूनिक समय, नई दिल्ली। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि बेटे की मृत्यु के बाद सास-ससुर बहू से भरण-पोषण का दावा नहीं कर सकते। कोर्ट ने बुजुर्ग दंपति की याचिका खारिज करते हुए कहा कि कानून और नैतिक जिम्मेदारी में अंतर है। जस्टिस मदन पाल सिंह की पीठ ने बताया कि बहू का अपने सास-ससुर की सेवा करना समाज में नैतिक जिम्मेदारी हो सकता है, लेकिन कानूनी रूप से इसे थोपना संभव नहीं है।
मामला उत्तर प्रदेश का है, जहां बुजुर्ग दंपति अपने बेटे की 2021 में हुई मृत्यु के बाद बहू से गुजारा भत्ता मांग रहे थे। बहू खुद यूपी पुलिस में कांस्टेबल है और उसे नौकरी से जुड़े सभी लाभ प्राप्त हैं। बुजुर्गों ने दलील दी कि बहू की पर्याप्त आय के कारण उसे सास-ससुर का ख्याल रखना चाहिए, लेकिन कोर्ट ने इसे कानून के दायरे में नहीं माना। कोर्ट ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 144 का हवाला देते हुए कहा कि यह अधिकार केवल पत्नी, बच्चों और माता-पिता तक सीमित है। सास-ससुर को इसमें शामिल नहीं किया गया है। अदालत ने फैमिली कोर्ट के पुराने फैसले को सही ठहराते हुए याचिका खारिज कर दी और दोहराया कि गुजारा भत्ता केवल कानून द्वारा निर्धारित विशेष श्रेणियों के लोग ही मांग सकते हैं।

सामूहिक संघर्ष बन चुका युद्ध

ईरान के खिलाफ अमेरिका अकेला नहीं, खाड़ी देश साथ : ट्रंप

यूनिक समय, नई दिल्ली। ईरान के साथ जारी युद्ध के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अमेरिका अकेला नहीं है। उन्होंने दावा किया कि सऊदी अरब, यूएई, कतर, बहरीन और कुवैत जैसे खाड़ी देश अमेरिका के साथ खड़े हैं और ईरान की सैन्य क्षमता को पूरी तरह खत्म करने में सहयोग कर रहे हैं। फ्लोरिडा में आयोजित निवेश मंच पर बोलते हुए ट्रंप ने बताया कि सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान अब उनके नेतृत्व और नीतियों की सराहना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि क्राउन प्रिंस को उम्मीद नहीं थी कि अमेरिका इतनी जल्दी और मजबूती से अपनी स्थिति मजबूत करेगा। ट्रंप ने मजाकिया अंदाज में बताया कि पहले सऊदी नेताओं को लगा था कि अमेरिकी कार्यकाल कमजोर होगा, लेकिन अब वे

अमेरिका के साथ बेहतर संबंध बनाने को मजबूर हैं। ट्रंप ने क्राउन प्रिंस को "शानदार योद्धा" और प्रभावशाली व्यक्तित्व वाला नेता बताया और कहा कि सऊदी अरब को अपने नेतृत्व पर गर्व होना चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि खाड़ी देश ईरान के खिलाफ युद्ध में अमेरिका के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। ट्रंप ने बताया कि खाड़ी देशों की मांग है कि ईरान की मिसाइल और ड्रोन निर्माण क्षमता को पूरी तरह से खत्म किया जाए। उनका उद्देश्य भविष्य में ईरान की ओर से किसी भी सैन्य खतरे को स्थायी रूप से रोकना है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपनी आर्थिक नीतियों और अमेरिका की मजबूत अर्थव्यवस्था को इस गठबंधन का मुख्य कारण बताया। उन्होंने कहा कि अमेरिका अब दुनिया के शीर्ष विकसित देशों में शामिल है और यही ताकत खाड़ी देशों को अमेरिका के साथ एकजुट रहने के लिए प्रेरित कर रही है। इस बयान के साथ ट्रंप ने साफ कर दिया कि ईरान के खिलाफ यह युद्ध अब केवल अमेरिका का संघर्ष नहीं बल्कि खाड़ी देशों की भी सामूहिक प्रयास बन चुका है।

तिरुचिरापल्ली मंदिर की छत गिरने से श्रद्धालु की मौत, दो लोग घायल

यूनिक समय, नई दिल्ली। तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली के समयपुरम मरियम्मन मंदिर में छत का एक हिस्सा गिरने से एक श्रद्धालु की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। यह हादसा सन्नाथी स्ट्रीट मंडपम में उस समय हुआ जब दर्शन के लिए आए श्रद्धालु सो रहे थे। त्रिची जिला पुलिस के मुताबिक, तंजावुर जिले की 32 वर्षीय नादिया की मौके पर ही मौत हो गई। अन्य दो घायल श्रद्धालुओं को आसपास मौजूद लोगों ने बचाया और 108 एम्बुलेंस सेवा की मदद से महात्मा गांधी मेमोरियल सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। तमिलनाडु में 23 अप्रैल 2026 को विधानसभा चुनाव होने हैं। इस तरह के हादसे कभी-कभी राजनीतिक बहस का हिस्सा बन जाते हैं।

फरह में दो पक्षों में जमकर हुआ पथराव,मचा हंड़कंप

रिफाइनरी सर्किल के थानों की फोर्स ने पहुंच कर किया कंट्रोल

टेंपो के पैसों को लेकर हुआ था विवाद

यूनिक समय, फरह। टेंपो के किराए के पैसे को लेकर दो पक्षों में हुए बवाल मे दोनों ओर से जमकर ईंट पत्थर चले। पथराव की स्थिति को नियंत्रित करने के लिए रिफाइनरी सीओ और सर्किल के थाने को फोर्स ने मौके पर पहुंच कर स्थिति को कंट्रोल किया। पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस घटना में शामिल लोगों की तलाश कर रही है। बताया गया कि आज सायं करीब साढ़े पांच बजे व्यापारियों मौहल्ले में रहने वाले कल्लू कबाड़िया के भाई पर फतिहा निवासी पीतम के 4500 रुपये बाकी थे। भाई पीतम का टेंपो चलाता था। पीतम आज उससे पैसे लेने के लिए गया था। पैसे के लेनदेन को लेकर वहां पीतम और उसके साथियों के साथ कल्लू के भाई की कहासुनी हो गई। इसके बाद देखते ही देखते ईंट पत्थर और कांच की बोतले फिंकने लगी। दोनों ओर से होने वाले पथराव से इलाके में दहशत फैल गई। मौके पर पहुंची फरह पुलिस भी पथराव के कारण अंदर नहीं जा सकी। फरह में हुए झगड़े का पता लगाने पर सीओ रिफाइनरी अनिल कपरवाल ने थाना रिफाइनरी हाईवे को तुरंत फरह पहुंचने के आदेश दिए। कुछ ही देर में सीओ के अलावा रिफाइनरी थाना प्रभारी निरीक्षक अजय किशोर, थाना प्रभारी निरीक्षक हाईवे शैलेंद्र सिंह पुलिस फोर्स के साथ फरह पहुंच गए। तीनों थानों की टीमों ने मौहल्ला व्यापारियान में पहुंचकर पथराव करने वालों की तलाश शुरू कर दी। पुलिस ने इस मामले में दो लोगों को हिरासत में लिया है। समाचार लिखे जाने तक पुलिस का तलाशी अभियान जारी था।

यूपी बोर्ड की कॉपियों की जांच तेज, जल्द पूरा होगा मूल्यांकन

हाईस्कूल व इंटर की लाखों कॉपियां जांची गईं

अब अंतिम चरण में काम

यूनिक समय, मथुरा। जिले में यूपी बोर्ड हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 की कॉपियों की जांच का काम तेजी से चल रहा है। इसके लिए दो केंद्र बनाए गए हैं, जहां शिक्षक लगातार कॉपियां जांच रहे हैं। हाईस्कूल की कॉपियों की जांच राजकीय इंटर कॉलेज, मथुरा में हो रही है। अब तक कॉपियों की ज्यादातर जांच हो चुकी है। अब केवल 3,330 कॉपियां जांच के लिए बची हैं। यहां काम लगभग पूरा होने की स्थिति में है। इंटरमीडिएट की कॉपियों की जांच के लिए किशोरी रमण इंटर कॉलेज, मथुरा को केंद्र बनाया गया है। लगभग 1,49,497 कॉपियों की जांच हो चुकी है। अब करीब 37,955 कॉपियां जांच के लिए बाकी हैं और काम जारी है। जिला विद्यालय निरीक्षक रवींद्र कुमार सिंह ने बताया कि दोनों केंद्रों पर कॉपियों की जांच पूरी जिम्मेदारी के साथ की जा रही है।

उन्होंने कहा कि सभी कॉपियों की जांच तय समय के अंदर पूरी कर ली जाएगी, ताकि रिजल्ट समय पर जारी किया जा सके। काम लगातार चल रहा है और उम्मीद है कि जल्द ही सभी कॉपियों की जांच पूरी हो जाएगी।

कामदा एकादशी पर बांके बिहारी मंदिर में उमड़ा भीड़ का सैलाब

भीड़ में आगे बढ़ने को लेकर हुआ झगड़ा

पुलिस ने युवक को हिरासत में लिया, वीडियो वायरल

यूनिक समय, मथुरा। कामदा एकादशी पर प्रसिद्ध ठाकुर श्री बांके बिहारी मंदिर में भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही हजारों श्रद्धालु भगवान के दर्शन के लिए मंदिर पहुंचे। इसी दौरान एक युवक दर्शन के लिए आगे बढ़ने लगा। ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों ने उसे रोक दिया। इसी बात को लेकर युवक और पुलिस के बीच कहासुनी हो गई। देखते ही देखते मामला बढ़ गया और पुलिसकर्मियों ने युवक के साथ सख्ती की। घटना का वीडियो वहां मौजूद किसी व्यक्ति ने मोबाइल में रिकॉर्ड कर लिया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में पुलिसकर्मी युवक को पकड़कर ले जाते दिखाई दे रहे हैं। कामदा एकादशी के कारण मंदिर में भीड़ उमड़ पड़ी। इसी को देखते हुए पुलिस और प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। मंदिर के बाहर बैरिकेडिंग लगाई गई थी और अतिरिक्त पुलिस बल भी तैनात था। इसके बावजूद भीड़ अधिक होने के कारण थोड़ी अव्यवस्था की स्थिति बन गई।

जीआरपी ने स्टेशन से किशोरी को किया बरामद

परिवार से झगड़ कर घर से चली आई थी

पुलिस ने परिवार के सुपुर्द किया

यूनिक समय, मथुरा। राजकीय रेलवे पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक किशोरी को प्लेटफॉर्म संख्या एक पर पूछताछ करने के बाद जानकारी कर उसके परिवार को सुपुर्द कर दिया। जीआरपी थाना प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र सिंह ने बताया कि मिशन शक्ति नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन के दृष्टिगत उप निरीक्षक गौरव माल्या मय क्यूआरटी टीम व महिला हैड कांस्टेबल राजरानी के रेलवे स्टेशन पर चैकिंग कर रहे थे। इस दौरान प्लेटफार्म नंबर एक पर एक लड़की (18) साल निवासी डौंगपुर वार्ड जिला ग्वालियर मध्य प्रदेश प्लेट पर घूमती हुई मिली।

शक होने पर पुलिस टीम द्वारा पूछताछ की गयी तो लड़की ने बताया कि मैं अपने घर से मां से झगड़ा करके बिना बताये चली आई हूं। लड़की से उसके माता-पिता का नम्बर पूछा गया तो उसने भाई मनमोहन का मोबाइल नंबर बताया, जिस पर सूचना दी गयी तो उसने बताया कि मेरी बहन 28 मार्च को घर से बिना बताये कहीं चली गयी थी। लड़की को थाना पर लाकर महिला हेल्प डेस्क पर राजरानी की निगरानी में बिठाया गया। लड़की के भाई व उसकी माता थाना में आये। लड़की को नियमानुसार परिजन के सुपुर्द किया गया। लड़की को सकुशल पाकर परिजनों ने पुलिस टीम को धन्यवाद देते हुए जीआरपी की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

पुलिस ने मांट टोल पर बढ़ाई चेकिंग

वाहनों को चेक किया संदिग्धों से की पूछताछ

पैदल गश्त से जनता में बढ़ी सुरक्षा की भावना

यूनिक समय, सुरीर। थाना मांट क्षेत्र स्थित मांट टोल पर पुलिस की अचानक बढ़ती सरगर्मी को देख स्थानीय लोगों में कई तरह की चर्चा रहीं। पुलिस द्वारा हर गुजरते वाहन को रोका जा रहा था, संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की जा रही थी। क्षेत्राधिकारी माँट संदीप कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल ने सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से मांट टोल पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की गहन जांच की। वहीं पुलिसकर्मियों ने टोल क्षेत्र में पैदल गश्त कर हर गतिविधि पर नजर रखी। अचानक पुलिस की बढ़ी सख्ती से यह साफ संदेश गया कि कानून-व्यवस्था को लेकर पुलिस पूरी तरह सतर्क है। क्षेत्राधिकारी संदीप कुमार सिंह ने मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों को निर्देश दिए कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि को नजरअंदाज न किया जाए और क्षेत्र में शांति व्यवस्था हर हाल में कायम रखी जाए। पुलिस की इस सक्रियता से जहाँ आमजन में सुरक्षा का भरोसा बढ़ा, वहीं असामाजिक तत्वों के हौंसले भी कमजोर होते नजर आए।

राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने सेवानिवृत्त शिक्षकों का किया सम्मान

यूनिक समय, गोवर्धन। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ गोवर्धन इकाई द्वारा अनोखी रिसोर्ट, सौंख में सेवानिवृत्त शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक ठाकुर मेघश्याम सिंह एवं विशिष्ट अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्रीमती रतन कीर्ति मौजूद रहीं। अतिथियों ने लक्ष्मीनारायण गोस्वामी, महेंद्र सिंह और मिथिलेश चौधरी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि इन विद्यालयों ने समाज को योग्य नागरिक दिए हैं और अभिभावकों से बच्चों का नामांकन सरकारी विद्यालयों में कराने का आह्वान किया। बीएसए ने विद्यालयों की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए "स्कूल चलो अभियान" को सफल बनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में विभिन्न शिक्षकों एवं पदाधिकारियों ने विचार व्यक्त किए। संचालन बाबूलाल मिश्रा ने किया तथा अंत में जिला मंत्री बच्चू सिंह व अध्यक्ष अशोक फौजदार ने सभी का आभार जताया।

जावरा में सुखिया फाउंडेशन का रक्तदान शिविर लगा

यूनिक समय, सुरीर (मथुरा)। मांट के गांव जावरा में रविवार को सुखिया फाउंडेशन के तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि एमएलसी योगेश नौहवार ने फीता काटकर किया। शिविर में रक्तदाताओं ने रक्तदान को जीवन बचाने का सबसे बड़ा दान कहा। समाजसेवी दिलीप चौधरी ने बताया कि शिविर का उद्देश्य रक्तदान के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाना और अधिक से अधिक रक्त संग्रह कर जरूरतमंदों की मदद करना है। रक्तदाताओं को फाउंडेशन की ओर से अंगवस्त्र, हेलमेट और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर विनीत, कुलदीप कुमार, प्रदीप, नरेंद्र, कृष्ण कुमार, संजू, ओमवीर, भूपेंद्र कुमार, करनपाल आदि मौजूद रहे।

350 ग्राम गांजे के साथ एक गिरफ्तार

यूनिक समय, मथुरा। मांट पुलिस ने एक अभियुक्त को 350 ग्राम अवैध गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। मांट पुलिस ने चेकिंग के दौरान राधारानी अंडर पास के समीप से मांट मूला निवासी गजेंद्र को गिरफ्तार कर उसके कब्जे 350 ग्राम गांजा बरामद किया है। पुलिस ने उसके खिलाफ एनडीपीसी एक्ट में कार्रवाई की है।

चाकू के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

यूनिक समय, मथुरा। मांट पुलिस ने एक अभियुक्त को भीम अंडर पास के समीप से अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चेकिंग के दौरान भीम अंडर पास के समीप से अभियुक्त सुंदर कुमार निवासी नगला बिंदा थाना मांट को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक चाकू बरामद किया है।

राष्ट्रीय सेवा योजना का एक दिवसीय शिविर हुआ सम्पन्न

छात्राओं को साइबर सुरक्षा व शिक्षा का संदेश

छात्राओं को साइबर अपराध की जानकारी देते एसआई मुस्ताक मेहदी।

यूनिक समय, मथुरा। महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की प्रथम एवं द्वितीय इकाई के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय शिविर का आयोजन संयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी डॉ. प्रतिभा एवं सोनम यादव के निर्देशन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वयंसेविकाओं द्वारा प्रस्तुत लक्ष्यगीत के साथ किया गया। साथ ही छात्राओं ने महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाते हुए परिसर की साफ-सफाई एवं हॉल व्यवस्था के कार्य में श्रमदान कर समाज सेवा का संदेश दिया। शिविर के द्वितीय बौद्धिक सत्र में साइबर सुरक्षा विषय पर एस.आई. मुस्ताक मेहदी ने विस्तारपूर्वक व्याख्यान दिया। उन्होंने छात्राओं को साइबर अपराध के विभिन्न तरीकों से अवगत कराते हुए उनसे बचाव के उपाय बताए। उन्होंने फिशिंग, डिजिटल अरेस्ट, एटीएम धोखाधड़ी एवं ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर होने वाले ठगी के मामलों के प्रति सतर्क रहने की सलाह दी। कांस्टेबल श्रीमती शीतल चौधरी ने भी विभिन्न वास्तविक घटनाओं के उदाहरण प्रस्तुत कर छात्राओं को जागरूक किया। तृतीय एवं चतुर्थ सत्र में शिक्षा की महत्ता पर आधारित चलचित्र का प्रदर्शन सोनम यादव के द्वारा शिक्षा के माध्यम से समाज में आने वाले सकारात्मक बदलावों के बारे में बताया।

नशीले पाउडर के साथ गिरफ्तार

यूनिक समय, मथुरा। छाता पुलिस ने एक अभियुक्त को नशीला पाउडर 281 ग्राम अल्प्राजोलम के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने छाता शेरगढ़ मार्ग पर अभय ढाबे के सामने बम्बे की पटरी के समीप से रौकी निवासी नगला थोक छाता को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 281 ग्राम नशीला पाउडर बरामद किया है।